प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



मोजतबा अली खामेनेई -पिता की विरासत को आगे बढ़ाने की ज़िम्मेदारी! पेज- 2

पेज-6 चार पहिया वाहन की टक्कर बाइक सवार की मौत

वर्ष : 15 अंक : 75 | शुक्रवार 06 मार्च, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## फिनलैंड के साथ जॉइंट प्रेस वर्ता में बोले पीएम मोदी

### -केवल सैन्य टकराव से मुद्दों का समाधान संभव नहीं

(एजेंसी) नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में चल रहे सैन्य टकराव के बीच भारत और फिनलैंड ने कानून के शासन तथा कूटनीति पर जोर देते हुए कहा है कि केवल सैन्य टकराव से किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं निकल सकता। दोनों देशों ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन में संघर्ष की शीघ्र समाप्ति और शांति स्थापना पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत यात्रा पर आये फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ गुरुवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि भारत और फिनलैंड ने प्रौद्योगिकी से लेकर रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने के लिये अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तीन समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए। दोनों देशों ने कानून के शासन में विश्वास व्यक्त करते हुए वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की वकालत की है। उन्होंने सभी तरह के आतंकवाद जड़ से समाप्त करने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। मोदी ने विश्व में अस्थिरता और अनिश्चितता का उल्लेख करते हुए कहा कि यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा



कि भारत और फिनलैंड दोनों कानून के शासन, बातचीत और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा, हम एकमत हैं कि केवल सैन्य टकराव से किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं निकल सकता। यूक्रेन हो या पश्चिमी एशिया, हम संघर्ष की शीघ्र समाप्ति और शांति के हर प्रयास का समर्थन करते रहेंगे। दोनों देशों के बीच सहयोग को और पुख्ता बनाने की सहमति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में दुनिया की दो बड़ी कूटनीतिक शक्तियों भारत और यूरोप का बढ़ता सहयोग वैश्विक स्थिरता, विकास और साझा समृद्धि को नई मजबूती दे रहा है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इससे उनके बीच व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को और प्रबल होगा। दोनों देश डिजिटल प्रौद्योगिकी, ढांचागत और सततता जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण साझेदार हैं। दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे सहयोग पर उन्होंने कहा कि नोकिया के मोबाइल फोन और दूरसंचार नेटवर्क ने करोड़ों भारतीयों को जोड़ा है। फिनलैंड के वास्तुविदों के सहयोग से भारत ने चिनाब नदी पर विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज बनाया है। फिनलैंड की साझेदारी से भारत ने नुमालीगढ़ में दुनिया की सबसे बड़ी बांस से जैव इथेनॉल रिफाइनरी भी बनाई है। उन्होंने कहा कि इस सहयोग से प्रेरणा लेते हुए दोनों देशों ने संबंधों को डिजिटलाइजेशन और स्स्टेनेबिलिटी में रणनीतिक साझेदारी का रूप देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा , यह साझेदारी ए आई से लेकर 6 जी दूरसंचार , स्वच्छ ऊर्जा से लेकर क्वांटम कंप्यूटिंग ,कई हाई–टेक क्षेत्रों में हमारे सहयोग को गति और ऊर्जा देगी। साथ ही रक्षा , अंतरिक्ष , सेमीकन्डक्टर और महत्वपूर्ण खनिज जैसे प्रमुख क्षेत्रों में भी साझेदारी और गहरी होगी।ष प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और फिनलैंड जैसे लोकतान्त्रिक और जिम्मेदार देशों की यह रणनीतिक साझेदारी पूरे विश्व के लिए विशवसनीय प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करने में योगदान देगी। उन्होंने कहा कि दोनों देश इस बात पर भी एकमत हैं कि बढती वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार आवश्यक ही नहीं अविलंब होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने आतंकवाद के हर रूप को जड़ से समाप्त करने की भी प्रतिबद्धता जतायी है। श्री मोदी ने कहा कि फिनलैंड भारतीय छात्रों और प्रतिभा के लिए प्राथमिक जगह बन रहा है और दोनों देशों के नवाचार तंत्र को जोड़ने के लिए हमने फिनलैंड के साथ एक व्यापक श्माइग्रेशन एण्ड मोबिलिटी अग्रीमेंटश किया है। उन्होंने कहा, इसके साथ, हम संयुक्त शोध और स्टार्ट अप सहयोग को भी और मजबूत करने जा रहें हैं। शिक्षा के क्षेत्र में फिनलैंड एक आदर्श है। उन्होंने कहा, आज हमने टीचर ट्रेनिंग, स्कूल से स्कूल साझेदारी और शिक्षा के भविष्य में शोध पर सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनाई है। यानि, स्कूल से लेकर उद्योग तक, हम जन संसाधन के हर स्तर पर अपने सहयोग को नई गहराई देने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वस्थ पृथ्वी हमारी साझी प्राथमिकता है और इस वर्ष फिनलैंड के साथ हम भारत में श्वर्ल्ड सर्क्युलर ईकानमी फोरम श की मेजबानी करने जा रहे हैं। इससे सततता के प्रयासों को नई गति और नए विचार मिलेंगे।

## राज्यसभा चुनाव,सीएम नीतीश कुमार ने किया नामांकन

### -अमित शाह समेत एनडीए के कई नेता रहे मौजूद

(एजेंसी) पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने बृहस्पतिवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में राज्यसभा के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वर्ष 2005 से रिकॉर्ड 10 बार मुख्यमंत्री रहे कुमार और नबीन ने बिहार विधानसभा की सचिव ख्याति सिंह के कक्ष में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर अमित शाह के अलावा दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा राज्य सरकार के कई अन्य मंत्री भी मौजूद थे। इससे पहले दिन में नीतीश कुमार ने घोषणा की थी कि वह राज्यसभा का चुनाव लड़ेंगे, जिसके साथ ही बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने



के उनके कार्यकाल का अंत हो जाएगा। कुमार ने कहा कि राज्य में श्जो नयी सरकार बनेगी, उसे उनका पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में राज्य की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, दो दशकों से अधिक समय तक आपने लगातार मुझ पर विश्वास और समर्थन बनाए रखा। इसी भरोसे की ताकत से हमने बिहार और आप सभी की पूरी निष्ठा के साथ सेवा की है। आपके विश्वास और समर्थन की शक्ति से ही आज बिहार विकास और गरिमा की नयी पहचान प्रस्तुत कर पा रहा है। कुमार ने कहा, संसदीय जीवन शुरू करने के समय से ही मेरे मन में एक इच्छा थी कि मैं बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों के साथ संसद के भी दोनों सदनों का सदस्य बनूं। इसी क्रम में इस बार हो रहे चुनाव में राज्यसभा का सदस्य बनना चाह रहा हूं। उन्होंने कहा, मैं आपको पूरी ईमानदारी से विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आपके साथ मेरा यह संबंध भविष्य में भी बना रहेगा एवं आपके साथ मिलकर एक विकसित बिहार बनाने का संकल्प पूर्ववत कायम रहेगा। जो नयी सरकार बनेगी उसको मेरा पूरा सहयोग एवं मार्गदर्शन रहेगा। पिछले वर्ष नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को प्रचंड बहुमत दिलाने के बाद कुमार के पद छोड़ने के साथ ही अब यह अटकलें हैं कि भारतीय जनता पार्टी का कोई नेता राज्य का नया मुख्यमंत्री बनेगा।

## नीतीश कुमार ने राज्यसभा जाने का किया ऐलान, कहा-नई सरकार को रहेगा मेरा पूरा सहयोग

(एजेंसी) पटना। बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने राज्यसभा जाने का निर्णय लिया है। नीतीश कुमार ने गुरुवार को एक्स पर



लिखा,षपिछले दो दशक से भी अधिक समय से आपने अपना विश्वास एवं समर्थन मेरे साथ लगातार बनाए रखा है, तथा उसी के बल पर हमने बिहार की और आप सब लोगों की पूरी निष्ठा से सेवा की है। आपके विश्वास और समर्थन की ही ताकत थी कि बिहार आज विकास और सम्मान का नया आयाम प्रस्तुत कर रहा है। इसके लिए पूर्व में भी मैंने आपके प्रति कई बार आभार व्यक्त किया है। नीतीश कुमार ने कहा, संसदीय जीवन शुरू करने के समय से ही मेरे मन में एक इच्छा थी कि मैं बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों के साथ संसद के भी दोनों सदनों का सदस्य बनूँ। इसी क्रम में इस बार हो रहे चुनाव में राज्यसभा का सदस्य बनना चाह रहा हूँ। मुख्यमंत्री कुमार ने कहा, मैं आपको पूरी ईमानदारी से विश्वास दिलाना चाहता हूँ कि आपके साथ मेरा यह संबंध भविष्य में भी बना रहेगा एवं आपके साथ मिलकर एक विकसित बिहार बनाने का संकल्प पूर्ववत कायम रहेगा। जो नई सरकार बनेगी उसको मेरा पूरा सहयोग एवं मार्गदर्शन रहेगा।

## नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने पर तेजस्वी यादव ने कहा, यह जनता के साथ धोखा

(एजेंसी) पटना। बिहार की राजनीति में आज ऐतिहासिक दिन होने वाला है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब राज्यसभा जा रहे हैं। नीतीश कुमार ने खुद ही राज्यसभा जाने की पुष्टि कर दी। इधर पटना में नीतीश कुमार राज्यसभा के हैं पोस्टर लगे हैं। वहीं नीतीश के राज्यसभा जाने को लेकर पटना में जेडीयू के कार्यकर्ताओं ने विरोध–प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। वहीं तेजस्वी यादव ने नीतीश के राज्यसभा जाने पर कहा कि नीतीश के साथ हमारी सहानुभूति है। भाजपा ने बिहार में महाराष्ट्र मॉडल लागू किया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि नीतीश कुमार के साथ हमारी सहानुभूति है। बीजेपी बिहार में महाराष्ट्र मॉडल लागू कर रही। हमने पहले ही कहा था नीतीश अब सीएम नहीं रहेंगे। बीजेपी रबर स्टैंप वाला सीएम बनाती है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार चुनाव में जिस तरह भाजपा ने मशीन तंत्र का दुरुपयोग किया, उसे जनता ने देखा। बिहार में जन भावना के खिलाफ सत्ता का परिवर्तन



हो रहा है। बिहार में कौन अधिकारी, मंत्री और केंद्र के किस नेता ने नीतीश कुमार को हाईजेक कर लिया है? वह जनता जानती है। यह जनता के साथ धोखा है। एनडीए ने नारा दिया था कि ष2025 से 2030 फिर से नीतीश। लेकिन, भाजपा का लालच देखिए किस तरह से नीतीश कुमार से इस्तीफा दिलवाया जा रहा है। भाजपा वाले चाहते हैं जनता दल यूनाईटेड खत्म हो जाए। निशांत कुमार ने राजनीति में आने के सवाल पर तेजस्वी ने कहा कि हमलोग पहले से ही कहते रहे हैं उन्हें राजनीति में आना चाहिए। रोहिणी आचार्य ने अपने पोस्ट में लिखा कि अपनों के साथ बारम्बार बेवफाई करने वाले नीतीश कुमार जी .. खुद के गर्त में धकेले जाने और अपनी बदहाली के आप खुद जिम्मेदार हैं. आपके साथ आज जो हो रहा आप उसके ही हकदार हैं ..आज अवसरवादिता के शिखर पुरुष नीतीश कुमार को जैसा निर्णय लेने के लिए भाजपा के द्वारा मजबूर किया गया , ये तो 28 जनवरी, 2024 को ही तय हो गया था , जब नीतीश कुमार जी ने गुलाटी मारने की अपने जगजाहिर कौशल की पुनरावृत्ति करते हुए महागठबंधन, इंडिया अलायन्स का साथ छोड़ा था। कुर्सी से चिपके रहने की अपनी स्वभावतः मजबूरी की वजह से ही आज नीतीश कुमार जी उस भाजपा के हाथों की कठपुतली बन चुके हैं , जो अपने सहयोगियों की राजनीतिक कब्र खोदने और उनको दफनाने के लिए ही जानी जाती है। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे जी का जो हश्र भाजपा ने किया, नीतीश कुमार जी उससे भी नहीं चेते और अपने पुराने समाजवादी साथियों के बार – बार आगाह करने के बावजूद खुद ही कब्र सरीखी भाजपा की गोद में जा बैठे। अपने ही विनाश के लिए भाजपा के द्वारा जारी तुगलकी फरमान पर अपनी रजामंदी देने वाले नीतीश कुमार जी के बारे में अब दो बातें तो जाहिर एवं साबित होती हैं नीतीश कुमार जी की सोचने – समझने की शक्ति पूरी तरह से क्षीण हो चुकी है और नीतीश कुमार जी की कोई बहुत कमजोर नस भाजपा ने जरूर दबा रखी है. सीएम नीतीश कुमार से बातचीत के बाद केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने निशांत कुमार से मुलाकात करने पहुंचे हैं। ललन सिंह निशांत से आगे की योजना पर चर्चा कर रहे हैं। निशांत की भूमिका क्या होगी? उन्हें किन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा? यह सब पर ललन सिंह बातचीत कर रहे हैं। सूत्र बता रहे हैं कि निशांत कुमार को जनता दल यूनाईटेड की कमान संभालेंगे। वहीं उन्हें डिप्टी सीएम बनाने की तैयारी भी शुरू कर दी गई है।

## नीतीश के नामांकन से पहले पटना में जेडीयू कार्यकर्ताओं का बवाल, मंती सुरेंद्र मेहता पर हमला

(एजेंसी) पटना। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की सूचना के बीच राज्य की सियासत गरमा गई है। उनकी पार्टी जनता दल यूनाइटेड में खासी हलचल है। पार्टी में इस मसले पर बगावत के सुर बनते दिख रहे हैं। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास के बाहर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समर्थन में नारे लगाए। उनका कहना है कि अगर नीतीश कुमार को बदलना हो तो फिर से चुनाव कराया जाए। पार्टी नेता राजीव रंजन पटेल ने कहा कि हम नीतीश कुमार को नामांकन दाखिल करने के लिए जाने ही नहीं देंगे। वहीं आज निशांत कुमार जेडीयू में शामिल होने वाले हैं। राजधानी पटना में आज गुरुवार सुबह से ही माहौल बनने लगा है। नीतीश के राज्यसभा जाने की अटकलों के बीच जेडीयू में नाराजगी खासी बढ़ गई है। पार्टी कार्यकर्ता नाराज हैं। सैकड़ों कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि दिल्ली नीतीश के खिलाफ साजिश रच रहा है। वहीं नीतीश के बेटे निशांत कुमार आज राजनीति में एंट्री करेंगे और पार्टी की सदस्यता लेंगे। मुख्यमंत्री आवास घुस रहे मंत्री सुरेंद्र मेहता पर हमला हुआ है। मुख्यमंत्री आवास का बाहरी इलाका जेडीयू कार्यकर्ताओं के कब्जे में है। आईजी से लेकर पटना एसएसपी तक वहां मौजूद हैं। मुख्यमंत्री आवास में बिहार के डीजीपी भी मौजूद हैं। जेडीयू नेता राजीव रंजन पटेल की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री आवास के बाहर नीतीश के समर्थन में नारे लगाए। मुख्यमंत्री नीतीश के राज्यसभा नामांकन भरने करने की संभावना पर जेडीयू के नेता राजीव रंजन पटेल ने कहा, "कल खबरों से हमें पता चला कि नीतीश राज्यसभा में जाएंगे, यह जानकर जेडीयू के किसी नेता ने होली नहीं मनाई। हम लोगों की होली खराब कर दी गई है।"उन्होंने आगे कहा, "हम लोग हर हाल में बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर नीतीश को ही



देखना चाहते हैं। प्रदेश की जनता ने, कार्यकर्ताओं ने नीतीश को मुख्यमंत्री बनाने के लिए खून–पसीना एक करके अपना बहुमत दिया है, न कि बीच में उनका कार्यकाल छोड़ने के लिए। हम नहीं चाहते कि बिहार की बागडोर किसी दूसरे के हाथों में जाए। जेडीयू नेता राजीव रंजन पटेल ने पार्टी के फैसले पर नाराजगी दिखाते हुए कहा, "निशांत कुमार (नीतीश कुमार के बेटे) को राज्यसभा भेजा जाए लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही बने रहें। बिहार की जनता रो रही है, आज हजारों कार्यकर्ता रो रहे हैं। सभी लोगों ने घर–घर जाकर नीतीश के लिए वोट मांगा था न कि किसी अन्य व्यक्ति के लिए। आज नीतीश हट जाएंगे और किसी ने कार्यकर्ताओं से नहीं पूछा। उन्होंने कहा, "यदि कोई फैसला किया जाना था तो पहले कार्यकर्ताओं को बुलाया जाता, उनसे पूछा जाता। कोई भी नीतीश कुमार को हटाने का फैसला नहीं कर सकता है। ऐसा ही था तो नीतीश के नाम पर क्यों चुनाव लड़ा गया? सैकड़ों महिलाओं और कार्यकर्ताओं ने हमें फोन किया है। वे रो रहे हैं। नीतीश कुमार का स्वास्थ्य ठीक है, उन्हें कुछ नहीं हुआ है। जनता ने वोट दिया है, इस बारे में जनता से पूछना चाहिए। नीतीश की जगह किसी और को सीएम बनाए जाने की स्थिति में चुनाव कराने की मांग करते हुए राजीव रंजन पटेल ने कहा, "आज अगर नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं रहे तो बिहार के लोग कहां जाएंगे? आज ही आप चुनाव करवा लें और जिसे मुख्यमंत्री बनाना है बना लें। कार्यकर्ताओं की यही मांग है कि यदि किसी को मुख्यमंत्री बदलने की इच्छा है, उन्हें लगता है कि उनमें नेतृत्व बदलने की ताकत है, उनके चेहरे में इतनी ताकत है तो वे चुनाव करवा लें और बहुमत ले ले। हम इस मसले पर कुछ नहीं कहेंगे।

## भारत की तेल आपूर्ति खतरे में, फिर भी प्रधानमंत्री चुप : राहुल गांधी ने मोदी पर साधा निशाना

(एजेंसी) नई दिल्ली। अमेरिका–इजरायल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान भारत को होने वाली परेशानियों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरा है। राहुल गांधी की ओर से सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया, विश्व एक अस्थिर दौर में प्रवेश कर चुका है। आगे भयंकर संकट मंडरा रहा है। भारत की तेल आपूर्ति खतरे में है, क्योंकि हमारे आयात का 40 फीसदी से अधिक हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। एलपीजी और एलएनजी के लिए स्थिति और भी बदतर है। राहुल गांधी ने लिखा है, संघर्ष हमारे पड़ोस तक पहुंच गया है, हिंद महासागर में एक ईरानी युद्धपोत डूब गया है। फिर भी प्रधानमंत्री ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। ऐसे समय में हमें एक स्थिर नेतृत्व की आवश्यकता है। इसके विपरीत भारत के पास एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो समझौतावादी हैं और रणनीतिक स्वायत्तता को त्याग दिया है। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच गुरुवार को कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमतों में 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई है। सप्लाई पर असर पड़ने के कारण कीमतों में उछाल आया है, क्योंकि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट ऑफ होर्मुज) को बंद कर दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक कंटेनर जहाज पर प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ, जिससे जहाज को नुकसान पहुंचा। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, कच्चे तेल, एलपीजी और एलएनजी को लेकर भारत फिलहाल सुरक्षित स्थिति में है। देश के पास लगभग 25 दिनों का कच्चे तेल का



भंडार और 25 दिनों के पेट्रोलियम उत्पादों का स्टॉक मौजूद है। भारत अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरत का 85 प्रतिशत से अधिक आयात करता है, जिसमें से करीब 50 प्रतिशत तेल मिडिल ईस्ट के देशों से आता है, जो मुख्य रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते भारत पहुंचता है। ईरान युद्ध के बाद इस मार्ग से सप्लाई प्रभावित हुई है।

# सम्पादकीय

## दिलचस्प हुआ बिहार में राज्यसभा का चुनाव

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार पॉलिटिक्स में ग्रैंड एंट्री के लिए तैयार हैं। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि यूं तो उनके राजनीति में आने और उन्हें राजनीति में लाने के लिए मनाने का दौर लंबे समय से चल रहा था पर अब सब क्लियर हो गया है। निशांत कुमार के अलावा जनता दल यूनाइटेड से रामनाथ ठाकुर, भाजपा से पावर स्टार पवन सिंह, शिवेश राम और आरएलएम से उपेंद्र कुशवाहा का नाम फाइनल माना जा रहा है। इन सबमें नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार पर सबकी नजरें होंगी। बिहार की राजनीति में राज्यसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है। इस बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार को जनता दल यूनाइटेड से राज्यसभा भेजे जाने की चर्चा लगातार बनी हुई है। सूत्रों के मुताबिक इसका औपचारिक ऐलान कभी भी हो सकता है। अगर ऐसा होता है तो यह नीतीश कुमार की राजनीति में एक बड़ा बदलाव माना जाएगा। नीतीश कुमार लंबे समय से खुद को परिवारवाद से अलग रखने वाले नेता के तौर पर पेश करते रहे हैं। उन्होंने कई बार कहा कि उनकी राजनीति में परिवार के लिए कोई जगह नहीं है। परिवारवाद के मुद्दे पर वे लगातार विपक्ष, खासकर राजद, पर हमला करते रहे हैं। ऐसे में निशांत कुमार की राज्यसभा एंट्री से विपक्ष को यह कहने का मौका मिल सकता है कि नीतीश कुमार भी अब उसी राजनीति की ओर बढ़ रहे हैं, जिसका वे विरोध करते आए हैं। जेडीयू के भीतर इसे भविष्य की तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है। पार्टी से जुड़े नेताओं का कहना है कि नीतीश कुमार काफी समय से सक्रिय राजनीति में हैं और आने वाले समय को देखते हुए पार्टी को एक नया चेहरा तैयार करना जरूरी हो गया है। राज्यसभा को इसके लिए सुरक्षित मंच माना जा रहा है। निशांत कुमार अब तक सार्वजनिक राजनीति से दूर रहे हैं, इसलिए उनकी एंट्री को बड़ा राजनीतिक संकेत माना जा रहा है। इस बीच जेडीयू के मौजूदा राज्यसभा सांसद हरिवंश का नाम इस बार आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है। हरिवंश का ड्रॉप होना जेडीयू की बदलती प्राथमिकताओं की ओर इशारा करता है। माना जा रहा है कि पार्टी अब पुराने चेहरों की जगह नई रणनीति के तहत फैसले ले रही है। तो वहीं दूसरी ओर महागठबंधन की स्थिति इस चुनाव में कमजोर मानी जा रही है, लेकिन वह एक सीट बचाने की कोशिश में है। राजद नेता तेजस्वी यादव का नाम जरूर चर्चा में है, लेकिन अभी कुछ भी तय नहीं है। महागठबंधन के लिए सबसे बड़ी चुनौती संख्या का गणित है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि तेजस्वी यादव का राज्यसभा जाना पूरी तरह इस बात पर निर्भर करेगा कि उन्हें का समर्थन मिलता है या नहीं. अगर एआईएमआईएम समर्थन देता है, तो महागठबंधन के लिए एक सीट निकालने की संभावना बन सकती है। लेकिन अगर एआईएमआईएम साथ नहीं आता, तो तेजस्वी यादव या किसी अन्य राजद उम्मीदवार के लिए जीत आसान नहीं होगी। एआईएमआईएम की भूमिका इस चुनाव में बेहद अहम मानी जा रही है। सीमांचल क्षेत्र से जुड़े एआईएमआईएम के विधायक इस बार किंगमेकर की स्थिति में हैं। उनका रुख तय करेगा कि महागठबंधन राज्यसभा में अपनी मौजूदगी दर्ज करा पाता है या नहीं। कुल मिलाकर, बिहार की राज्यसभा सीटों का यह चुनाव सिर्फ सांसद चुनने तक सीमित नहीं है। यह नीतीश कुमार की राजनीति के अगले कदम, जेडीयू की भविष्य की रणनीति और विपक्ष की एकजुटता की असली परीक्षा भी है। आने वाले घंटों और दिनों में होने वाले फैसले बिहार की राजनीति को नई दिशा दे सकते हैं।



नफीस जाफरी

# मोज्तबा अली खामेनेई -पिता की विरासत को आगे बढ़ाने की ज़िम्मेदारी!



गुलफिशा खान

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई इतने सुरक्षित अंडरग्राउंड बंकर में रहते थे कि वहां तक पहुंचने के लिए लिट को भी 5 मिनट से ज्यादा का वक्त लगता था। किसी को भी यहां तक कि खामेनेई सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और नेताओं को भी सीधे वहां नहीं लाया जाता था। पहले आंखों पर पट्टी बांधी जाती, फिर जगह–जगह घुमाकर उन्हें अंदर पहुंचाया जाता था। सवाल ये है कि जमीन के नीचे बने अभेद्य किले में ट्रंप और नेतन्याहू की फौज ने खामेनेई को कैसे मार गिराया। रिपोट्‌र्स बताती है कि खामेनेई की मौत बीते शनिवार सुबह–सबेरे हुए हमले में ही हो गई थी। इजरायली और अमेरिकी विमानों ने खामेनेई के अति सुरक्षित परिसर पर एक–दो नहीं बल्कि करीब 30 बम गिराए थे। इनमें ळठन्–28 लेजर गाइडेड पेनेट्रेटर जैसे बम भी थे। ये बंकर बस्टर बम जमीन के अंदर गहराई तक घुसकर फटते हैं। इसकी वजह से कंक्रीट और स्टील की मोटी परतें भी सुरक्षित नहीं रह पातीं। इस भारी बमबारी में पूरा का पूरा कंपाउंड जमींदोज हो गया था। बहरहाल अब बात मोज्तबा अली खामेनेई की तो अमेरिका और इजरायल के हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद उनके बेटे मोज्तबा अली खामेनेई उनके पद को संभालने वाले हैं। इजरायली मीडिया के अनुसार, ईरान की 88 सदस्यों वाली असेंबली ऑफ एक्सपट्‌र्स ने मोज्तबा को चुना है। ईरान इंटरनेशनल ने भी सूत्रों के हवाले से यह खबर प्रकाशित की है। सवाल है कि आखिर मोज्तबा अली खामेनेई अयातुल्लाह खामेनेई के बेटे होने के अलावा क्या है, उनकी पहचान किस रूप में है। चलिए जानते हैं इस आलेख में उनके बारे में। मोज्तबा का जन्म 1969 में मशहद में हुआ था। वह अली खामेनेई के दूसरे सबसे बड़े बेटे हैं। उनके पांच भाई–बहन हैं। वह उस समय बड़े हुए जब उनके पिता ईरान के पूर्व शाह मोहम्मद रजा पहलवी के खिलाफ बोलने वाले एक प्रमुख धार्मिक नेता बन रहे थे। 1979 की इस्लामी क्रांति ने उनके परिवार की स्थिति पूरी तरह बदल दी और उन्हें नए ईरानी शासन के केंद्र में ला दिया। बाद में परिवार तेहरान



चला गया। वहां मोज्तबा ने अलवी हाई स्कूल में पढ़ाई की, जो शासन से जुड़े लोगों को तैयार करने के लिए जाना जाता है। इसके बाद उन्होंने कोम में रूढ़िवादी धर्मगुरुओं के साथ धार्मिक पढ़ाई की। हालांकि उन्होंने कई दशक तक धार्मिक शिक्षा के माहौल में समय बिताया, लेकिन वह अभी तक अयातुल्लाह के पद तक नहीं पहुंचे हैं। ईरान के संविधान के अनुसार सुप्रीम लीडर का उच्च धार्मिक दर्जा होना अपेक्षित है। इसलिए मोज्तबा की धार्मिक रैंक लंबे समय से वरिष्ठ धर्मगुरुओं के बीच बहस का विषय रही है। ईरान–इराक युद्ध के दौरान मोज्तबा हबीब बटालियन में शामिल थे। वहां उनकी पहचान ऐसे लोगों से हुई जो बाद में ईरान की सुरक्षा और खुफिया व्यवस्था में महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचे। भले उन्होंने कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा और न ही सरकार में कोई आधिकारिक पद संभाला, लेकिन अंदरूनी सूत्र लंबे समय से उन्हें सुप्रीम लीडर के कार्यालय में एक प्रभावशाली व्यक्ति और "द्वारपाल" के रूप में बताते रहे हैं। उनकी तुलना अक्सर उस भूमिका से की जाती है जो धर्मगुरु अहमद खुमैनी ने ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर रूहोल्लाह खुमैनी के समय निभाई थी। विश्लेषकों का मानना है कि उनका प्रभाव मुख्य रूप से इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के साथ उनके करीबी संबंधों से आता है। यह संगठन ईरान की राजनीति, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा नीति में बहुत ताकतवर माना जाता है। 2019 में अमेरिका ने मोज्तबा पर प्रतिबंध लगाए थे। अमेरिका का आरोप था कि अली खामेनेई ने अपनी कुछ शक्तियां अपने बेटे को सौंप दी थीं और वह बिना किसी सार्वजनिक जवाबदेही के आधिकारिक रूप से फैसले लेने लगे थे। सुधारवादी नेताओं और कुछ विदेशी सरकारों ने मोज्तबा पर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने और सुरक्षा बलों की सख्त कार्रवाई का समर्थन करने का आरोप भी लगाया है। हालांकि ईरानी सरकार इन आरोपों को हमेशा खारिज करती रही है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार मोज्तबा के पास बड़े पैमाने पर निवेश का नेटवर्क है, लेकिन उनकी कुल संपत्ति कितनी है यह सार्वजनिक नहीं किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि उन्होंने दुनिया के कई देशों में संपत्तियों का बड़ा नेटवर्क बनाया और अरबों डॉलर की रकम पश्चिमी बाजारों में निवेश की। ध्यान देने वाली बात यह है कि अली खामेनेई ने अपने संभावित उत्तराधिकारियों के रूप में तीन वरिष्ठ धर्मगुरुओं का नाम सोचा था और उनमें उनके बेटे का नाम शामिल नहीं था। इसलिए अगर पिता के बाद बेटा सुप्रीम लीडर बनता है तो यह इस्लामी गणराज्य ईरान की उस मूल सोच को चुनौती देगा जिसमें वंशानुगत शासन को अस्वीकार किया गया था। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि क्या वरिष्ठ धर्मगुरु और सुरक्षा तंत्र मोज्तबा के समर्थन में एकजुट होते हैं या नहीं। इसी से तय होगा कि सुप्रीम लीडर के रूप में उनका चयन स्थायी रहेगा या फिर इसके खिलाफ अंदरूनी विरोध खड़ा होगा।

# ईरान वार-अमेरिका में ही उठे ट्रंप के ख़िलाफ़ सवाल!



फरीद वारसी

विगत एक मार्च, 2026 को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत ने भारत में राजनीतिक बहस छेड़ दी है। विपक्ष सरकार से औपचारिक शोक संवेदना की मांग कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के बीच संयम और तनाव कम करने की अपील करते हुए चुप्पी साध रखी है। यह रुख अधिकांश प्रमुख वैश्विक शक्तियों की प्रतिक्रिया को दर्शाता है, जिन्होंने या तो चुप्पी साध रखी है या फिर लंबे समय तक सत्ता में रहे ईरानी नेता के निधन का खुलेआम जश्न मनाया है। अब तक दुनिया भर से आई प्रतिक्रियाओं में एक स्पष्ट पैटर्न सामने आता है। जी7 देशों में से किसी ने खामेनेई की मौत पर शोक संवेदना व्यक्त नहीं की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खामेनेई को "इतिहास के सबसे दुष्ट लोगों में से एक" बताया। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने घोषणा की, "47 वर्षों तक खामेनेई शासन ने 'इजरायल मुर्दाबाद' के नारे लगाए। न्याय मिल गया है।" अर्जेंटीना के जेवियर मिलेई ने उन्हें "अब तक के सबसे दुष्ट, हिंसक और क्रूर व्यक्तियों में से एक" करार दिया। यूक्रेन की सरकार ने पोस्ट किया, "तानाशाह की मौत से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता।" ब्रिटेन के रक्षा सचिव जॉन हीली ने कहा कि एक "दुष्ट शासन" के नेता की मौत पर शायद ही कोई शोक मनाएगा। ऑस्ट्रेलिया के एंथोनी अल्बानीज ने ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलों और परोक्ष समर्थन का हवाला दिया, जबकि फ्रांस की सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि वे "केवल उनकी मौत से ही संतुष्ट हो सकते हैं।" कनाडा के मार्क कार्नी ने ईरान को मध्य पूर्व में "अस्थिरता का मुख्य स्रोत" बताया। तो वहीं दूसरी ओर व्हाइट हाउस के दो वरिष्ठ अधिकारियों और प्रशासन के करीबी एक रिपब्लिकन के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वरिष्ठ सहयोगियों की निजी चेतावनियों के बावजूद ईरान के खिलाफ सैन्य हमले किए. यह जानते हुए कि इस तनाव को नियंत्रित करना मुश्किल हो सकता है। नवंबर में अमेरिका में मध्यावधि चुनाव होने हैं और युद्ध लंबा खींचा तो ट्रंप की पार्टी रिपब्लिकन को मुश्किल हो सकती है। एक सर्वे में 43% लोगों ने ईरान पर हमलों को गलत बताया है। ट्रंप के रिपब्लिकन समर्थकों में भी फूट दिख रही है। ईरान पर हमले के बाद वाशिंगटन में रिपब्लिकन और डेमोक्रेट बंटे हुए नजर आ रहे हैं। व्हाइट हाउस के कुछ अधिकारियों को चिंता है कि युद्ध का यह दांव अगर लंबा चला तो रिपब्लिकन को कांग्रेस पर नियंत्रण बनाए रखने की संभावनाओं को पटरी से उतार सकता है। व्हाइट हाउस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि हमलों से पहले, ट्रंप ने बार–बार इस बात पर जानकारी मांगी थी कि सैन्य कार्रवाई से क्या घरेलू स्तर पर उनकी छवि



सुधरेगी? शीर्ष सलाहकारों ने चेतावनी दी थी कि अमेरिकी खुफिया जानकारी से यह स्पष्ट गारंटी नहीं मिलती कि हमले शुरू होने के बाद स्थिति और बिगड़ने से बचा जा सकेगा और ट्रंप का राजनीतिक भविष्य अनिश्चित परिणामों से जुड़ जाने का जोखिम है। अधिकारियों ने बताया कि ट्रंप ने अंततः उन लोगों की बात मान ली, जो मानते थे कि निर्णायक कार्रवाई से उनकी छवि एक मजबूत नेता के रूप में उभरेगी, भले ही इसमें दीर्घकालिक जोखिम हों. आशंका जताने वाले किसी भी अधिकारी को तत्काल राजनीतिक नतीजों की उम्मीद नहीं है। इसके बजाय, उनका मानना है कि अगर युद्ध की अवधि, जवाबी कार्रवाई के दायरे, अमेरिकी हताहतों की संख्या और पेट्रोल की कीमतें बढ़ीं तो ये ट्रंप के लिए नुकसानदायक होगा। बीते रविवार को रॉयटर्स/इप्सोस के एक सर्वेक्षण में पता चला कि केवल एक चौथाई अमेरिकी ही ईरान के नेता को मारने वाले अमेरिकी हमलों का समर्थन करते हैं। सर्वे में भाग लेने वाले लगभग आधे लोगों (जिनमें एक चौथाई रिपब्लिकन भी शामिल हैं) ने कहा कि उनका मानना है कि ट्रंप सैन्य बल का इस्तेमाल करने के लिए बहुत उत्सुक हैं। यह सर्वेक्षण ईरान में अमेरिकी सेना के तीन सैनिकों के मरने की घोषणा से पहले हुआ था। मतलब तब तक उन्हें नहीं पता था कि ईरान पर हमले में अमेरिका को भी नुकसान हुआ है। रॉयटर्स/इप्सोस के ताजा सर्वे के अनुसार, केवल चार में से एक अमेरिकी नागरिक (27%) ही ईरान पर किए गए सैन्य हमलों का समर्थन कर रहा है। लगभग 56% अमेरिकियों का मानना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी हितों को आगे बढ़ाने के लिए सैन्य बल का उपयोग करने के लिए बहुत अधिक उतावले हैं। 87% डेमोक्रेट्स भी ट्रंप की सैन्य नीति के खिलाफ हैं। वहीं चौंकाने वाली बात यह है कि हर चार में से एक रिपब्लिकन (23%) भी राष्ट्रपति के इस रुख से सहमत नहीं है।

# सी.बी.आई: अपने आका की आवाज, सांठगांठ का ब्यूरो

पूनम आई. कौशिश

मध्य –पूर्व में ईरान के विरुद्ध अमरीका और इसराईल द्वारा युद्ध छेडने के बाद सारे विश्व में हाहाकार मचा हुआ है, तो भारत में भाजपा और 'आप' सी.बी.आई. की विशेष अदालत द्वारा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित 23 आरोपियों को दिल्ली आबकारी नीति 2021 के मामले में अनियमितता और रिश्वतखोरी में भूमिका के लिए उन्हें बरी करने से एक–दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप लगा रहे हैं। स्पष्ट रूप से सी.बी.आई. इस निर्णय से असहमत है और वह अपील करेगी किंतु अभी तक 2009 के 2जी घोटाले में अंतिम निर्णय नहीं आया और यह अभी उच्च न्यायालय में ही पड़ा है। किंतु यह महत्वपूर्ण नहीं है। कोई भी समाज षड्यंत्र, अपराध और भ्रष्टाचार से ऊपर नहीं है। अमरीका ने एपस्टीन फाइल खोली। इस मामले में केजरीवाल की 'आप' कठघरे में थी, जिससे उनकी पार्टी को सत्ता से हाथ धोना पड़ा। पद पर रहते हुए किसी मुख्यमंत्री को जेल भेजा गया और यही पिछले वर्ष दिल्ली विधानसभा चुनावों में मुख्य मुद्दा बना, जिसमें भाजपा की जीत हुई। इससे स्पष्ट होता है कि हमारे राजनेता हमेशा सी.बी.आई. जांच की मांग क्यों करते हैं। जो नेता सत्ता में होते हैं वे एजेंसी को अपनी उंगलियों पर नचाते हैं। यह एक दंतविहीन शेर है जो अपने मित्रों की सहायता करता है और विरोधियों के साथ राजनीतिक हिसाब चुकता करता है, क्लीन चिट देता है, राजनीतिक लीपापोती करता है और कानून प्रवर्तकों को कानून तोडने वाला और अपराध तथा भ्रष्टाचार को वैध बनाता है। ऐसे अनेक आरोप हैं कि एजेंसी का उपयोग किस तरह राजनीतिक विरोधियों को धमकाने और दबाने के लिए किया जाता है, चाहे कांग्रेस की सरकार में हो या मोदी सरकार में। राजनीतिक विरोधियों पर छापे डाले जाते हैं और इसमें प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग एजेंसी के सहयोगी बन जाते हैं। प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जाती है, घंटों तक पूछताछ की जाती है, चार्जशीट बनाई जाती है। महत्वपूर्ण मामले में धीमी कार्रवाई की जाती है, जांच में गड़बड़ी की जाती है या उसे अधूरा छोड़ दिया जाता है या बिल्कुल नहीं की जाती। परिणामस्वरूप होता यह है कि अंततरू सी.बी.आई. मामले को सिद्ध नहीं कर पाती। यदि ऐसे मामले में आरोपी मान जाता है तो दबाव कम कर दिया जाता है और यदि नहीं मानता तो दबाव बढ़ा दिया जाता है। दुखद तथ्य यह है कि आज व्यवस्था ऐसी हो गई है कि जो भी दल सत्ता में आता है, सी.बी.आई. उसकी कठपुतली बन जाती है। अपने विरोधियों को दबाने के लिए सी.बी.आई. का दुरूपयोग किया जाता है, चाहे कोई भी दल सत्ता में हो। देश के 19 राज्यों में विभिन्न अदालतों में सांसदों और विधायकों के विरुद्ध 3211 मामले लंबित हैं। इनमें कुछ ऐसे मामले भी हैं, जिनकी जांच सी.बी.आई. द्वारा की जा रही है। इससे एजैंसी की प्रतिष्ठा खराब हुई है क्योंकि वह आरोपों के समर्थन में अपेक्षित साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाती। इससे भ्रष्टाचार को समाप्त करने की उसकी ईमानदारी और विश्वसनीयता पर भी आशंकाएं पैदा होती हैं। सी.बी.आई. जांच में मुख्य बात यह होती है कि हमेशा कहा जाता है कि उचित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा, किंतु सत्तारूढ़ वर्ग द्वारा अपने राजनीतिक विरोधियों के विरुद्ध सी.बी.आई. को एक औजार बनाया जाता है। जब एजैंसी धनशोधन निवारण अधिनियम के कठोर प्रावधानों को लागू करती है तो यह अपेक्षा की जाती है कि ठोस साक्ष्य होंगे और मामला भी ठोस बनाया जाएगा। किंतु जब ये मामले न्यायालय में विचारण से पहले ही गिर जाते हैं तो इससे राजनीतिक उद्देश्यों के बारे में प्रश्न उठते हैं। समय आ गया है कि सी.बी.आई. जांच के उच्च मानक स्थापित करे। उसे यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि उसे न केवल कानून से, अपितु जनता के विश्वास से भी शक्ति मिलती है और जब वह गलत या स्वार्थ प्रेरित जांच करती है तो इससे संस्थागत विश्वसनीयता भी समाप्त होती है। इसका तात्पर्य यह नहीं है कि भ्रष्टाचार के मामलों की जांच नहीं होनी चाहिए या हमारे नेताओं को विशेष छूट मिलनी चाहिए। वास्तविकता यह है कि जवाबदेही अपरिहार्य है। किंतु इसके लिए सी.बी.आई. को पारदर्शी ढंग से कार्य करना होगा और कानूनी रूप से उचित प्रमाण और साक्ष्य जोडने होंगे। उसे अपने राजनीतिक माई–बाप के इशारों पर न तो कार्य करना चाहिए और न ही ऐसा दिखना चाहिए कि वह उसके इशारे पर कार्य कर रही है क्योंकि ऐसी धारणा से जनता का कानून के शासन में विश्वास कमजोर होता है और भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद होते हैं। गत वर्षों में विभिन्न सरकारें सी.बी.आई. को स्वायत्तता देने और उसके कार्यकरण में सुधार की बात करती रही हैं किंतु दुर्भाग्यवश अभी तक ऐसा नहीं हो सका। ऐसी स्थिति बन गई है कि जवाबदेही सुनिश्चित करने की बजाय सी.बी. आई. को राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर सूचना के अधिकार अधिनियम के दायरे से बाहर रखा गया है।

# ईरान पर चुप्पी हमें शर्मसार करेगी

योगेन्द्र यादव

'आप सुनिए मेरी बात। नैतिकता, आदर्श, सिद्धांत ये सब अपने घर–समाज के नियम हैं। विदेश नीति इनसे नहीं चलती है। वहां हर कोई अपना राष्ट्रीय हित साधने आता है। हमें भी यही करना होगा। यही हमारी सरकार कर रही है। आप खामखा उपदेश मत दीजिए।' फिर अपने लहजे को हल्का करने की नीयत से मुस्कुराए और बोले, 'आपको वो गाना याद है, कसमे वादे प्यार वफा, सब बातें हैं बातों का क्या? कोई किसी का नहीं है, झूठे नाते हैं नातों का क्या।' बातचीत शुरू ऐसे नहीं हुई थी। हम फिर पार्क में मिले थे। जैसा जमाने का दस्तूर है, चर्चा खेल और युद्ध पर चल रही थी। टी–20 पर चर्चा ऐसी, मानो खेल नहीं युद्ध चल रहा हो। और ईरान पर हमले और जवाबी हमले की चर्चा ऐसी मानो युद्ध नहीं खेल चल रहा हो। मिसाइल और लाशों को रन और विकेट की तरह गिना जा रहा था। हर हिंदुस्तानी कानून, देसी दवा और क्रिकेट के साथ–साथ अब सामरिक विषयों का एक्सपर्ट भी बन गया था। बुमराह को स्विंग और यॉर्कर सिखाने वाले एक्सपर्ट अब ट्रम्प को हवाई युद्ध और पश्चिम एशिया को कूटनीति सिखा रहे थे। ईरान की तबाही और तेल के दाम पर निरपेक्ष भाव से चर्चा चल रही थी, जैसे मैच से पहले पिच की समीक्षा हो रही हो। भारत के विकल्पों पर चर्चा हो रही थी। मेरे बोलने में जरूर कुछ तल्खी रही होगी। मैंने कहा, जरा एक मिनट के लिए सोचिए, अगर ईरान की जगह हम होते और अगर कोई ऐसी बातचीत कर रहा होता तो हमें कैसे लगता? आखिर किसी की बर्बादी पर हम इतनी चटपटी चर्चा कैसे कर सकते हैं? उन्हें बात नागवार गुजरी थी। हम ईरान की तुलना भारत से कैसे कर सकते हैं? वहां इस्लामी चरमपंथी मुल्लाओं का राज है। जनता उस तानाशाही से मुक्ति चाहती है। यूं भी ईरान ने अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी की नाक में दम कर रखा है। चोरी–छुपे एटम बम बना रहा है। उसे रोकना तो पड़ेगा न। इस तरह के तर्क सुनकर मेरे कान पक चुके थे। अमरीका को ईरान के लोकतांत्रिक होने या न होने से रत्ती भर फर्क नहीं पड़ता। सच यह है कि ईरान के पहले लोकतंत्र को खत्म करने का काम 1953 में अमरीका की सी.आई.ए. ने किया था। अमरीका ने ही ईरान पर राजशाही लादी थी, जिसके खिलाफ वहां इस्लामी क्रांति हुई थी। और जो भी बोले, अमरीका तो इस सवाल पर न ही बोले। इसमें कोई शक नहीं कि वहां इस्लाम के नाम पर जो शासन चल रहा है, उससे जनता में भारी असंतोष है। हाल ही में जनता ने विद्रोह किया था, जिसे ईरान की सरकार ने बेरहमी से कुचल दिया था। लेकिन क्या इससे अमरीका को वहां दखलअंदाजी का हक मिल जाता है? अमरीका का जब मन आए वेनेजुएला के राष्ट्रपति का अपहरण कर ले, जब चाहे ईरान के राष्ट्राध्यक्ष की हत्या कर दे। इसे हम कैसे देखते रह सकते हैं? मुझ जैसे लोगों को हमारी सरकार से लाख शिकायत है लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि उसकी आड़ लेकर कोई विदेशी ताकत भारत की जनता को मुक्त करवाने के नाम पर भारत पर हमला कर दे। सीधी बात है–ट्रम्प को यह मंजूर नहीं कि ईरान उसके सामने सिर उठाकर चले। इसलिए उसने जोर–जबरदस्ती से वहां सत्तापलट करवाने की ठान ली है। एटम बम की बात सरासर झूठ है। अमरीका का रक्षा मंत्रालय कबूल कर चुका है कि ईरान एटम बम बनाने से कोसों दूर है। पिछले साल ईरान पर हमला करने के बाद ट्रम्प ने खुद कहा था कि ईरान के एटमी कार्यक्रम को नेस्तनाबूद कर दिया गया है। ईरान और अमरीका के बीच मध्यस्थता करने वाले बहरीन के विदेश मंत्री ने साफ कहा है कि ईरान लिख कर देने को तैयार था कि वह अभी या भविष्य में कभी भी एटम बम नहीं बनाएगा। अगर अमरीका को चोरी–छुपे एटम बम की चिंता है तो उसे सबसे पहले इसराईल और पाकिस्तान पर हमला करना चाहिए, जिनके पास अवैध एटम बमों का जखीरा है। सच कहूं तो एटम बम रोकने की सारी बात ही पाखंडपूर्ण है। खुद्द दसियों हजार एटम बम रखने वाला अमरीका किस मुंह से दूसरों को पहला बम बनाने से रोक सकता है? कम से कम भारत तो इस पाखंड में शामिल न हो। जब तक हमारे एटम बम को दुनिया की मान्यता नहीं मिली थी, तब तक यही उपदेश हमें भी दिए जाते थे। और बाकी दुनिया को हम यही कहते थे–तुम कौन होते हो हमें सिखाने वाले। हमें तो ईरान के साथ खड़ा रहना चाहिए। कल तक हमारे प्रधानमंत्री ईरान और भारत के ऐतिहासिक संबंधों की दुहाई देते थे। पश्चिम एशिया के कुछेक देश जो आड़े वक्त हमारे काम आए थे, उनमें से ईरान एक है। चलिए खड़े होने की हिम्मत नहीं है तो कम से कम उनके राष्ट्राध्यक्ष की हत्या पर अफसोस तो जता सकते थे। इतना तो अमरीका की पिट्ठू पाकिस्तानी सरकार ने भी कह दिया। पता नहीं ट्रम्प के पास ऐसी क्या चाबी है कि मोदी जी सामान्य शिष्टाचार का बयान भी नहीं दे सकते। सच कहूं तो मुझे शर्म आती है। पहले हमारा देश गरीब था लेकिन सिर नहीं झुकाता था। अमरीका के सातवें बेड़े के सामने हमारी कोई ताकत नहीं थी लेकिन इंदिरा गांधी अमरीकी राष्ट्रपति निक्सन को दो–टूक जवाब दे सकती थी। क्या हो गया है हमारी दृष्टि और आदर्शों को? बस मेरे मुंह से 'आदर्श' सुनते ही उन्होंने पलटवार किया था और 'जंजीर' का गीत याद दिलाया था। उनके चेहरे पर मुस्कुराहट थी। अब मेरी बारी थी– "जो परिवार और समाज में होता है वही दुनिया नामक परिवार में भी होता है। न घर सिर्फ नैतिकता और आदर्श से चलता है, न दुनिया बिल्कुल इनके बिना चल सकती है। नैतिकता नीति से अलग नहीं है। दीर्घकाल में राष्ट्रहित को हासिल करने के लिए ही सिद्धांत चाहिए। रही बात आदर्श की, उसे छोड़कर सबसे ज्यादा नुकसान हमारा ही होगा। अगर अमरीका को गुंडागर्दी की छूट मिल गई तो इसी छूट का इस्तेमाल कल चीन भी करेगा। चीन की नजर में पहले ताइवान का नंबर आएगा। और कौन जाने कभी हमारा नंबर भी आ सकता है। अगर आदर्श का दामन छोड़ देंगे तो कल हमारे साथ कौन खड़ा होगा? जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली दुनिया में अगर हम लाठी वाले की लल्लो–चप्पो करेंगे तो इज्जत तो जाएगी ही, एक दिन उसकी लाठी भी हमीं पर पड़ेगी।" अनायास मुझे भी एक फिल्मी गीत की एक पंक्ति याद आ गई–'बिक गया जो वो खरीदार नहीं हो सकता।

# होली पर कुल्फी वाले से मारपीट, रोडवेज के सामने हुड़दंगियों ने पीटा

(संवाददाता) बांदा। होली के अवसर पर उत्तर प्रदेश के बांदा में एक कुल्फी विक्रेता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। शहर के व्यस्त रोडवेज बस स्टैंड के सामने कुछ हुड़दंगियों ने शराब के नशे में एक कुल्फी वाले को बेरहमी से पीटा। इस घटना का वीडियो सामने आया है। यह घटना उस समय हुई जब कुल्फी विक्रेता अपनी रोजी–रोटी कमाने के लिए वहां से गुजर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शराब के नशे में धुत लड़कों ने करीब आधे घंटे तक कुल्फी वाले के साथ मारपीट की। इस दौरान सड़क पर काफी देर तक हंगामा चलता रहा। हैरानी की बात यह है कि जिस इलाके में पुलिस की मौजूदगी हमेशा रहती है, वहां इस घटना के दौरान एक भी पुलिसकर्मी नजर नहीं आया। पुलिस के चप्पे–चप्पे पर तैनाती के दावों के बावजूद, राहगीर सहमे रहे और हुड़दंगियों ने सरेराह कानून की धज्जियां उड़ाईं। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है। पुलिस अधीक्षक ने वीडियो के आधार पर जांच के आदेश दिए हैं।

# रंगों का त्योहार होली उल्लास के साथ मनाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। बाजारों में दुकाने रंगों से सजी हुई दिखी दो तारीख की रात में होलिका दहन किया गया खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने 28 जगहों पर होलिका दहन कि व्यवस्था कराई लोगों ने होली तापी और होली माता की जय बोली सुबह चंद्र ग्रहण पड़ने के कारण रंग नहीं खेला गया। चार तारीख को लोगों ने रंग खेला खैराबाद नगर पालिका प्रांगण



में नगर वासियों के लिए खाने–पीने वह रंग की व्यवस्था अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा की गई। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता शांति नगर से मां गौरी देवी मंदिर पहुंचे वहां पर माता रानी के दर्शन किए फिर वहां से चलकर नगर पालिका में नगरवासियों के साथ रंग खेल कर होली का आनंद उठाया। थानाध्यक्ष अनिल सिंह की पुलिस व्यवस्था बहुत अच्छी दिखी सभी चौराहों पर पुलिस गश्त करती हुई देखी गई जिससे शांति व्यवस्थ बनी रही। लोगों ने हुडदंग नहीं बचाया। शाम को नए–नए कपड़े पहनकर लोगों ने एक दूसरे के घर पहुंच कर होली मिले छोटो ने अपने बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और चिप्स पापड़ गुजिया का आनंद उठाया। होली का यह त्यौहार तीन से चार दिन चलता है। यह त्यौहार लोगों के लिए खुशियां लेकर आता है। अध्यक्ष प्रतिनिधि में नगर पालिका मेंबर व नगर पालिका कर्मचारियों को होली के पावन अवसर पर मिठाइयां बांटी और रंग गुलाल भेंट किया। खैराबाद नगरवासियों ने बताया कि जब से बबलू गुप्ता खैराबाद नगर के अध्यक्ष बने तब से खैराबाद नगर पालिका में होली दिवाली ईद बकरीद का त्योहार पता चलता है। अध्यक्ष प्रतिनिधि सभी त्योहारों में बढ़–चढ़कर भाग लेते हैं और गरीबों की मदद करते हैं।

# बीच-बचाव करने गई बुजुर्ग महिला की हसिये से गोदकर हत्या

न्यूज वाणी ब्यूरो

मछरेहटा, सीतापुर। होली के उल्लास के बीच सुरजनपुर गांव में बुधवार की रात चीख–पुकार में बदल गई। आपसी झगड़े को शांत कराने की कोशिश एक परिवार पर इतनी भारी पड़ी कि दबंगों



ने एक बुजुर्ग महिला की निर्मम हत्या कर दी और उसके दो बेटों को लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन मुख्य आरोपियों को गिरतार कर लिया है। बुधवार की रात करीब 10.30 बजे की है। गांव में होली मिलन समारोह चल रहा था, तभी पड़ोसी मुनेन्द्र, उदन, माया राम, दीन दयाल और चुन्नी लाल आपस में किसी बात को लेकर भिड़ गए। मौके पर मौजूद रंजीत कुमार (35) ने जब उन्हें झगड़ा न करने की सलाह दी, तो आरोपी आगबबूला हो गए और रंजीत पर ही धारदार हसिये से हमला बोल दिया। मां की ममता और बेटों की बहादुरी पर भारी पड़ा आक्रोश अपने बेटे रंजीत को बचाने के लिए छोटा भाई अमरजीत (30) और मां प्रेमा देवी (55) तुरंत मौके पर दौड़ीं लेकिन हमलावरों का खून इस कदर सवार था कि उन्होंने मां और बेटों पर ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिए। हमलावरों ने प्रेमा देवी के सीने पर हसिये से कई प्रहार किए, जिससे उनकी मौके पर ही तड़प–तड़प कर मौत हो गई। अमरजीत के गले और उंगलियों पर गहरे जख्म आए हैं, जिनका उपचार कराया जा रहा है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और गिरतारी घटना के तुरंत बाद रंजीत ने परसदा चौकी में सूचना दी। मामला संवेदनशील देखते हुए थानाध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता और चौकी प्रभारी धीरेन्द्र सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि मृतका के पुत्र की तहरीर पर पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। दबिश देकर तीन आरोपियों को रात में ही गिरतार कर लिया गया है, जिन्हें जेल भेजने की प्रक्रिया जारी है। गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात है।

# दुल्हन की मेंहदी भी न छूटी सड़क हादसे में दूल्हे समेत दो की मौत

## - हिन्दू मुस्लिम एकता की दिखी मिसाल

## - होली मना रहे हिंदुओं ने बंद किया डीजे और रंग

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। लहरपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला बागवानी टोला के मोहम्मद अली 25 वर्ष पुत्र रहमत अली मोहम्मद आदिल 19 वर्ष पुत्र एहसान खान 55 वर्ष की सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत हो गई। सुबह करीब 3 बजे मिश्रिख मेले से लौट रहे मोहम्मद अली, 25 वर्ष और मोहम्मद आदिल 19 वर्ष की बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। यह हादसा मछरेहटा थाना क्षेत्र के फिरोजपुर के पास खैराबाद–मिश्रिख रोड पर हुआ, जिसमें दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। गौरतलब है कि मछरेहटा थाना क्षेत्र में हुए एक भीषण सड़क हादसे में दोनों दोस्त मोहम्मद अली और आदिल मिश्रिख मेले से अपने पिता के साथ लहरपुर घर वापसी कर रहे थे। पिता के अनुसार डीसीएम पर लदे माल को लेकर पिता आगे आगे चल रहे थे और उनका लड़का मोहम्मद अली और मोहल्ले के ही दोस्त आदिल एक बाइक पर पीछे पीछे चल रहे थे पिता की गाड़ी खैराबाद पहुंची तो लड़के काफी दूर तक दिखाई नहीं दिए उसके बाद उन्होंने फोन मिलाना शुरू किया। फोन न उठने पर लहरपुर पहुंचे पिता ने रमजान की सेहरी खाकर फिर लड़कों को ढूंढने निकले काफी तलाश के बाद मछरेहटा थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी। सुबह की रोशनी होते ही गश्त पर निकली 112 ने दो युवकों को एक खाई में गिरे खून से लथपथ देख थाने को सूचित किया। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने हाथ से ही चेस्ट कंप्रेशन देना शुरू किया दोनों में कोई हरकत न देखकर उन्हें मृत घोषित कर दिया पंचनामा भर जिला मुख्यालय भेज दिया। मछरेहटा थाना प्रभारी ने बताया कि 112 के माध्यम से दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में सामने आया कि एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों को अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराकर खाई में गिरी जहां मौके पर ही दोनों ने दम तोड़ दिया। बताते चले कि मोहम्मद अली और आदिल अपने अपने पिता के सबसे बड़े लड़के थे जो अपने पिता के मेले के व्यवसाय में हाथ बटाते थे। विगत माह 11 फरवरी को ही मोहम्मद अली निकाह तंबौर के नारियन टोला हाशिम की पुत्री के साथ से हुआ था निकाह के 21 दिन ही बीते थे कि मौत ने उसे अपने आगोश में ले लिया। हाथों में मेंहदी सजाए अली की पत्नी जिंदगी के ख्वाब भी न बुन सकी घर लौट रहे दोनों साथ निकले और मौत ने उन्हें रास्ते में ही रोक



मृतक मोहम्मद अली



मृतक मोहम्मद आदिल

लिया। एक पल में दो घरों के सपने टूट गए। शादी की खुशियां चंद मिनटों में मातम में बदल गईं। मोहल्ले में हिन्दू समाज डीजे बाजे के साथ अपना त्योहार होली का पर्व मना रहा था यह खबर सुनते ही हिन्दू समाज ने डीजे और रंग बंद कर गमगीन माहौल में शामिल हो गए लोगों ने देखकर हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल देते हुए कहा कि इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है।

# पुलिस लाइन में होली हुड़दंग, एसपी ने गाया लॉलीपॉप लागेलू

## - कीचड़ व गुलाल में सराबोर हुए खाकी के सूरमा

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जनपद की पुलिस लाइन में इस बार होली का पर्व केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि अटूट आपसी सौहार्द और जबरदस्त उत्साह का संगम बन गया। ड्यूटी की व्यस्तता को किनारे रख, जिले के कप्तान से लेकर सिपाही तक, हर कोई मस्ती के रंग में डूबा नजर आया। कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल का अंदाज रहा। अनुशासन के घेरे से बाहर निकलकर जब उन्होंने हाथ में माइक थामा और भोजपुरी हिट गाना कमरिया लॉलीपॉप लागे लू गाना शुरू किया, तो पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कप्तान के इस बेबाक अंदाज ने जवानों का जोश दोगुना कर दिया। उत्साहित पुलिसकर्मियों ने अपने चहेते अधिकारी को कंध ो पर उठा लिया और फिल्मी गानों की धुन पर जमकर थिरके। कीचड़ की होली और पारंपरिक मस्ती पुलिस लाइन में आधुनिक डीजे के साथ–साथ होली का पारंपरिक मिजाज भी देखने को मिला। परिसर में विशेष रूप से मिट्टी खोदकर कीचड़ तैयार किया गया था। खाकी की मर्यादा भूलकर पुलिसकर्मी एक–दूसरे को कीचड़ में सराबोर करते और हंसी–ठिठोली करते दिखे। आसमान में उड़ते अबीर–गुलाल और ढोल की थाप ने माहौल को पूरी तरह उत्सवमय बना दिया। होली मिलन मौके पर अधिकारियों ने एकजुटता का संदेश दिया। इस भव्य आयोजन में जिले के कई दिग्गज अधिकारी आलोक सिंह अपर पुलिस अधीक्षक, उत्तरी, दुर्गेश सिंह अपर पुलिस अधीक्षक, दक्षिणी, विनायक भोसले सीओ सिटी, अमन सिंह सीओ बिसवां और वेद प्रकाश सीओ महमूदाबाद मौजूद रहे। अधि



कारियों का कहना रहा कि होली का त्यौहार आपसी कटुता को भुलाकर प्रेम और भाईचारे को गले लगाने का प्रतीक है। पुलिस परिवार के लिए यह समय अपनी थकान मिटाकर नई ऊर्जा के साथ जनसेवा में जुटने का संकल्प लेने का है। दिन भर चले इस कार्यक्रम के बाद सभी ने एक–दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी और आपसी सौहार्द के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# कब्रिस्तान में खुली मिली ताजा कब्र से मचा हड़कंप

## - पुलिस की मौजूदगी में दोबारा कराया बंद

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। शहर के बाइपास




स्थित हुसैनगंज कब्रिस्तान में सुबह उस समय अफरा–तफरी का माहौल बन गया, जब सुबह कब्रिस्तान पहुंचे स्थानीय लोगों ने एक कब्र को खुली हालत में देखा। लोगों ने बताया कि कब्र की मिट्टी हटी हुई थी और ऊपर रखे पटरे भी अपनी जगह से खिसके हुए थे। इतना ही नहीं, अंदर शव पर डाला गया कफन भी थोड़ा खुला हुआ दिखाई दे रहा था। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद लोग हैरान रह गए और कुछ ही देर में बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार यह कब्र लगभग 25 से 30 वर्ष के एक युवक की है, जिसकी करीब एक सप्ताह पहले मौत हुई थी। युवक शहर के सदर इलाके का रहने वाला बताया जा रहा है और हाल ही में उसे इसी कब्रिस्तान में सुपुर्द–ए–खाक किया गया था। कब्र की इस स्थिति को देखकर इलाके में तरह–तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। कुछ लोगों ने इसे किसी तांत्रिक क्रिया से जोड़कर देखा, तो कुछ लोग इसे शरारती तत्वों की करतूत मानते नजर आए। घटना को लेकर लोगों में जिज्ञासा और चिंता दोनों दिखाई दी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। सदर चौकी प्रभारी स्वाती ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और वहां मौजूद लोगों से पूरे मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस ने लोगों से बातचीत कर हालात को समझा और अफवाहों से बचने की अपील की। पुलिस की मौजूदगी में स्थानीय लोगों ने आपसी सहमति के साथ कब्र को दोबारा पहले की तरह बंद कर दिया। इसके बाद धीरे–धीरे स्थिति सामान्य हो गई और लोगों की भीड़ भी हटने लगी। हालांकि पुलिस की मौजूदगी में कब्र को दोबारा बंद कर दिए जाने के बाद इलाके में फैली चर्चाओं और अफवाहों पर काफी हद तक विराम लग गया है।

# कार ने तीन बाइकों को रौंदा, घर के बाहर नहा रही मासूम समेत आठ घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

संदना, सीतापुर। सिधौली–मिश्रिख मार्ग पर गुरुवार को एक तेज रतार कार ने जमकर तांडव मचाया। रालामऊ कस्बे के पास अनियंत्रित हुई कार ने न केवल तीन बाइकों को जोरदार टक्कर मारी, बल्कि सड़क किनारे नहा रही एक सात वर्षीय बच्ची को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस भीषण हादसे में कुल आठ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की गति इतनी तेज थी कि चालक उस पर नियंत्रण खो बैठा। कार ने एक के बाद एक तीन बाइकों को टक्कर मारी, जिससे उन पर सवार सात युवक सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। टक्कर मारने के बाद भी कार नहीं रुकी और सड़क किनारे बने एक घर के बाहर नहा रही सात वर्षीय मासूम पूर्ति पुत्री बालकराम को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई और चीख–पुकार सुनकर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घायलों की सूची हादसे में घायल होने वाले सभी युवक धरौली निवासी बताए जा रहे हैं घनश्याम (22), सोनू (18), रवि (12), अनुराग (19), छंगा (20), बुद्धा (15) और विमल (20)। सात वर्षीय मासूम बच्ची पूर्ति। पुलिस की त्वरित कार्रवाई सूचना मिलते ही संदना थाना अध्यक्ष अरविंद कटियार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए सिधौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां सभी का उपचार जारी है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार और तीनों बाइकों को कब्जे में ले लिया है। मामले की गहराई से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अल्लाह की शान में गुस्ताखी करने के आरोप में कार्रवाई की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। सोशल मीडिया पर अल्लाह के नाम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले लोगो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक को चेयरमैन पति



अफजाल खान द्वारा सैकड़ो लोगों के साथ प्रार्थना पत्र दिया गया। गुरुवार की दोपहर मुस्लिम समाज के लोगो मे उस समय रोष देखा गया जब सोशल मीडिया पर तीन युवाओं द्वारा ईरान अमेरिका की लड़ाई को लेकर एक वीडियो पोस्ट किया गया। वीडियो में अल्लाह के नाम पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई व ईरान सदर अयातुल्ला खमेनेई पर अपशब्द कहे गए। इसी को लेकर सेकड़ो लोग एकत्रित होकर चेयरमैन रूमाना खान के निवास पर कार्यवाही की मांग को लेकर पहुंचे। इस सम्बंध में चेयरमैन पति अफजाल खान द्वारा सभी लोगो को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सैनी से मिले और उक्त तीनों लोगो के खिलाफ प्रार्थना पत्र देते हुए शिकायत की है कि ऐसे तत्वों द्वारा क्षेत्र का माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा है ऐसे लोगो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जानी चाहिए।

# तेज रफ्तार बाइक पुलिया से टकराई, युवक गंभीर रूप से घायल

(संवाददाता) बांदा। बिसंडा थाना क्षेत्र के पारा गांव में एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। इस हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, पारा गांव निवासी 20 वर्षीय राज बहादुर पुत्र लल्लू अपने घर से बाइक पर सवार होकर अपने दादा के घर जा रहा था। रास्ते में अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया। संतुलन बिगड़ने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि राज बहादुर को गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल राज बहादुर को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसंडा में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद — जी.टी. रोड, फतेहपुर — MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी — सम्पादक कारवाने हक — 9415065213
एफ.ए.जाफरी — D.R. (Opt.) — 7379440876

# संदिग्ध परिस्थितियों मेंहोली खेलकर लौटे युवक की मौत

(संवाददाता) लखनऊ। राजधानी के चौक इलाके में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह होली खेलकर घर लौटा। अचानक उसके मुंह से झाग निकलने लगा और अचेत होकर गिर गया। परिजन उसे अस्पताल ले जाने लगे। रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मिर्जा मंडी कोनेश्वर पुल निवासी शुभम सैनी (28) कचहरी में आउटसोर्सिंग पर काम करते थे। बुधवार को होली खेलकर घर आकर बैठे थे। करीब 2 बजे किसी ने कॉल किया उससे मिलने गए। वहां से लौटने के बाद अपने कमरे में चले गए। कुछ ही देर बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। कमरे से नीचे आए मां रंजना से बोलने लगे तबियत बिगड़ रही है, अस्पताल ले चलो। इसके बाद परिजनों ने आसपास के लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए जांच की मांग की है। भाई हर्ष ने बताया अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही शुभम की मौत हो गई। एक महीने पहले बहन आंचल की शादी धूमधाम से की थी। इसके बाद से काफी खुश रहता था। होली वाले दिन बहन और बहनोई भी घर आए थे। सबके साथ मिलकर खूब होली खेली गई। अचानक से उसकी तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। पुलिस का कहना है अभी कोई तहरीर नहीं मिली है, माइनर अटैक की संभावना लग रही है।

# रेलवे लाइन पार कर रहा व्यक्तिट्रेन से कटा

(संवाददाता) लखनऊ। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में गुरुवार को ट्रेन की चपेट में आने से 70 साल के बुजुर्ग कैलाश नाथ की मौत हो गई। यह हादसा इंदौरा बाग मोड़ के पास हुआ, जब वह रेलवे ट्रैक के करीब मौजूद थे। सीतापुर से लखनऊ की ओर आ रही एक ट्रेन की टक्कर लगने से कैलाश नाथ काफी दूर जा गिरे। उन्हें गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने पर बख्शी का तालाब थाना पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है ताकि हादसे के कारणों का पता लगाया जा सके।

# होली के दिन युवक को गोली मारने वाला युवक गिरफ्तार

(संवाददाता) लखनऊ। पीजीआई इलाके में होली के दिन गोली चलाने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक देशी तमंचा और खोखा बरामद किया है। उसे गुरुवार को जेल भेज दिया गया। सुमन वर्मा, निवासी राजीव नगर, घोसीयाना खरिका तेलीबाग ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार को दोपहर करीब 2 बजे उनका बेटा अंकित वर्मा (उम्र 29 वर्ष) अपने साथियों जितेंद्र यादव और नरेंद्र त्रिपाठी के साथ होली खेलकर लौट रहा था। इसी दौरान राजीव नगर निवासी शोभित यादव ने अंकित को गाली देना शुरू कर दिया। मना करने पर शोभित ने अपने हाथ में लिए तमंचे से जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। गोली अंकित के पेट को छूते हुए निकल गई, जिससे वह मौके पर ही घायल हो गया। उसे तुरंत ट्रामा–02 सेंटर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे छुट्टी दे दी। घायल अंकित की मां सुनीता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी शोभित यादव ने बताया कि करीब एक साल पहले उसके चाचा जितेंद्र यादव के बरक्षाधतिलक समारोह में अंकित वर्मा से उसकी कहासुनी हुई थी। शोभित के अनुसार, बुधवार को जब वह अपने घर आ रहा था, तो अंकित वर्मा ने उसे रास्ते में रोककर गाली–गलौज की। इस पर उसने अपने लोवर में रखा तमंचा निकालकर अंकित पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया, जिससे उसके पेट में गोली लग गई और खून बहने लगा।गोली लगने के बाद आसपास के लोग अंकित वर्मा को एसजीपीजीआई ट्रॉमा सेंटर ले गए। शोभित ने बताया कि मौका पाकर उसने तमंचे को अपने घर के पीछे झाड़ी में फेंक दिया था। पुलिस ने बुधवार देर शाम शोभित को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया था।

# तीन दिन से लापता बुजुर्ग का शव मिला, घर वालों ने हत्या की आशंका जताई

(संवाददाता) बहराइच। जिले के मटेरा इलाके में स्थित परागी पुरवा गांव के पास गुरुवार सुबह एक बुजुर्ग का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक पिछले तीन दिनों से लापता था। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। मटेरा थाना क्षेत्र के करौंदा गांव निवासी 60 वर्षीय मोहनलाल बीते 2 मार्च को किसी काम से घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। उनके परिवार के सदस्य लगातार उनकी तलाश कर रहे थे और गुमशुदगी की सूचना भी दी थी। गुरुवार सुबह परागी पुरवा गांव के पास उनका शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को तुरंत कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक के पुत्र राम समुझ ने बताया कि उनके पिता के चेहरे पर चोट के निशान थे। थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही बुजुर्ग की मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# सिलेंडर में लगा आग, एक व्यक्तिझुलसा

(संवाददाता) बस्ती। लालगंज थाना क्षेत्र के महादेवा चौराहे पर बृहस्पतिवार दोपहर करीब 1 बजे एक घर में खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लग गई। इस हादसे में घर के मालिक राम अचल के दोनों हाथ झुलस गए। आग लगने के कारण महादेवा–लालगंज मार्ग आधे घंटे तक बाधित रहा। सोनू पुत्र राम अचल के घर में खाना बनाते समय सिलेंडर से गैस रिसाव के कारण अचानक आग भड़क उठी। राम अचल ने किसी तरह जलते सिलेंडर को घर से बाहर खुले में सड़क पर फेंका। इस दौरान उनके दोनों हाथ झुलस गए। गनीमत रही कि आग घर के अंदर नहीं फैली। सिलेंडर सड़क किनारे लगातार आधे घंटे तक जलता रहा, जिससे महादेवा–लालगंज मार्ग पर यातायात रुक गया। बंजरिया गांव निवासी बहादुर यादव ने आग बुझाने का प्रयास किया और मोटा कंबल व फायर बोतल की मांग की, लेकिन उन्हें मदद नहीं मिली। उन्होंने तत्काल फायर विभाग को सूचना दी। जब तक फायर विभाग की टीम मौके पर पहुंचती, तब तक सिलेंडर की सारी गैस जलकर खत्म हो चुकी थी। जानकारी के अनुसार, सोनू ने बताया कि यह सिलेंडर एचपी गैस एजेंसी महादेवा से एक दिन पहले ही लाया गया था।

# सीमावर्ती क्षेत्रों में हर्षोल्लास से मनाई होली, मुस्तैद रही पुलिस

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जनपद के सीमावर्ती क्षेत्रों में रंगों का पर्व होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ धूमधाम से मनाया गया। रुपईडीहा नगर पंचायत, ग्राम पंचायत रंजीत बोझा मे राजेंद्र कुमार वर्मा ने अपने आवास पर लोगों के साथ होली खेला, कस्बा बाबागंज तथा नानपारा क्षेत्र के माघी, गुरघुट्टा और सरैयां गांवों में सुबह से ही उत्सव का माहौल देखने को मिला। युवाओं और बच्चों की टोलियां रंग–गुलाल और पिचकारियों के साथ सड़कों व गलियों में निकल पड़ीं, जिससे पूरा इलाका सतरंगी रंगों में सराबोर नजर आया। होली के अवसर पर गंगा–जमुनी तहजीब की खूबसूरत झलक दिखाई दी। लोगों ने एक–दूसरे के घर जाकर गले मिलकर बधाई दी, अबीर–गुलाल लगाया और गुजिया खिलाकर मुंह मीठा कराया। छोटों ने बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया, जिससे त्योहार में संस्कार और सम्मान की भावना और मजबूत हुई। ढोल–नगाड़ों और फाग गीतों की थाप पर लोग झूमते नजर आए। फाल्गुन मास में मनाया जाने वाला यह पर्व मौसम परिवर्तन का प्रतीक भी माना जाता है। सर्दी की विदाई और गर्मी के आगमन के बीच रंगों का यह उत्सव लोगों में नई ऊर्जा का संचार करता है। कस्बों और गांवों के प्रमुख चौराहों को सजाया गया तथा लोगों ने आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम और एकता का संदेश दिया। त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए थाना रुपईडीहा पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। पुलिस बल ने संवेदनशील स्थानों पर गश्त की और जगह–जगह पिकेट तैनात किए। प्रशासन द्वारा लोगों से हुड़दंग न करने तथा शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। पुलिस की सक्रियता और सतर्कता के चलते पूरे क्षेत्र में होली का पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। ग्रामीणों और कस्बावासियों ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। सभी स्थानों पर लोगों ने मिल–जुलकर रंगोत्सव का आनंद लिया और एकता का संदेश दिया।

# सीरत वेलफेयर कमेटी ने खामनेई की शहादत पर व्यक्तकिया शोक

## - खामनेई की मौत से मुसलमान और मानवतावादी लोग हैं दुखी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। सामाजिक संगठन सीरत वेलफेयर कमेटी (रजि०)



की एक आपात बैठक शहर के मोहल्ला काजीपुरा स्थित मिल्ली काम्पलेक्स सभागार में संगठन के उपाध्यक्ष मिर्जा शकील बेग की अध्यक्षता एवं मुतवल्ली ईदगाह इशरत महमूद खान की सरपरस्ती में ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई की इजरायली हमले में हुई मौत पर उन्हें श्रद्धांजलि पेश कर संवेदनाएं व्यक्त की गई। इस सभा का शुभारंभ मौलाना शाहिद अख्तर के कुरान पाठ से हुआ। इसके बाद मुतवल्ली ईदगाह इशरत महमूद खान ने अपने संबोधन में कहा कि ईरान के मजहबी रहनुमा अयातुल्लाह अली खामनेई जुल्म के खिलाफ और मिल्लत के इत्तेहाद के लिए लड़ते हुए शहीद हुए हैं, उन्हें इतिहास में सदियों याद रखा जाएगा। मौलाना अकील उल्लाह शाहिद नदवी ने कहा कि खामनेई साहब जालिमों के सामने झुके नहीं बल्कि शहादत हासिल कर पूरी दुनिया को जो पैगाम दिया है उसे हमेशा याद रखा जाएगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मिर्जा शकील बेग ने शहीद खामनेई साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूरी दुनिया में अमेरिका व इजरायल की तानाशाही के साथ ही खामनेई साहब की मौत पर रंजो गम है। उन्होंने कहा कि 86 बरस के बुजुर्ग ने बगैर डरे जिस तरह मुकाबला करते हुए शहादत पाई है वह इतिहास में दर्ज होगा। इस अवसर पर संगठन के सचिव शादाब हुसैन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि खामनेई साहब की मौत से पूरी दुनिया के मुसलमान और मानवतावादी लोग दुखी हैं। उन्होंने हमेशा शांति–भाईचारा एवं फिलिस्तीनियों के पक्ष में सुपर पावर अमेरिका व इजराइल जैसे जालिमों के मुकाबले मुजाहिदाना किरदार अदा करते हुए अपनी व अपने परिवार की कुर्बानी देकर इस्लाम को शर्मिंदा नहीं होने दिया बल्कि शहीद होना पसंद किया। अंत में भारत के प्रधानमंत्री का अत्याचारी देशों के समर्थन में रहने तथा देश के बड़े मुस्लिम संगठनों व धार्मिक गुरुओं की खामोशी की निंदा की गई। बैठक में हाजी आसिफ आलम खान संरक्षक, डॉ० अजीमुल्ला खान कोषाध्यक्ष, मोहम्मद अकरम एडवोकेट, मिर्जा शकील बेग, मौलाना मुजीब कासमी, डॉ० अबरार उल हक, शादाब अंसारी, वली मोहम्मद व रियाज अहमद एडवोकेट आदि मौजूद रहे। सभा का समापन मौलाना शाहिद अख्तर चांद की दुआ से हुआ।

# सौ साल पुरानी परंपरा पर प्रशासनिक पहरा

## - खलिहान की जमीन पर होलिका दहन का विरोध

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। कस्बा खीरी में इस वर्ष की होली खुशियों के बजाय विवादों और प्रशासनिक तनाव की भेंट चढ़ गई। मोहल्ला पट्टी रामदास के निवासियों ने जिला प्रशासन पर उनकी सदियों पुरानी धार्मिक परंपरा को जबरन बदलने और राजस्व नियमों की अनदेखी करने का गंभीर आरोप लगाया है। मामला ग्राम निजामपुर रामदास के गाटा संख्या 632 और 430 के बीच उलझ गया है, जिसके विरोध में मोहल्ले वालों ने इस वर्ष न तो होली जलाई और न ही रंग खेला। गाटा संख्या 632 बनाम 430 मोहल्ले के लोगों का कहना है कि वे पिछले लगभग 100 वर्षों से ग्राम निजामपुर रामदास स्थित गाटा संख्या 632 पर शांतिपूर्ण ढंग से परंपरागत होलिका दहन करते आ रहे हैं। यह स्थल उनकी धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक पहचान से जुड़ा है। विवाद तब शुरू हुआ जब प्रशासन ने अचानक इस स्थल को बदलकर गाटा संख्या 430 पर होलिका दहन करने का दबाव बनाया। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में स्पष्ट किया है कि राजस्व अभिलेखों के अनुसार गाटा संख्या 430 खलिहान के रूप में दर्ज है। उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के कड़े नियमों के अनुसार, खलिहान की सुरक्षित श्रेणी की भूमि का उपयोग किसी अन्य उद्देश्य के लिए करना पूर्णतः गैर–कानूनी है। ग्रामीणों का तर्क है कि प्रशासन स्वयं नियमों का उल्लंघन कर उन्हें विवादित भूमि पर भेज रहा है। प्रशासनिक दबाव और 'फर्जी' स्पॉट मेमो के आरोप ग्रामीणों ने पुलिस और तहसील प्रशासन पर संगीन आरोप लगाए हैं। प्रार्थना पत्र के अनुसार, स्थानीय पुलिस चौकी और क्षेत्रीय लेखपाल वीरेंद्र कुमार वर्मा ने प्रशासनिक रसूख का इस्तेमाल करते हुए एक स्पॉट मेमो तैयार किया। आरोप है कि इस मेमो पर उन लोगों के हस्ताक्षर कराए गए जो उस मोहल्ले के निवासी ही नहीं हैं या जिनका होलिका दहन से कोई सरोकार नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सहमति स्वतंत्र इच्छा से नहीं, बल्कि दबाव में ली गई थी। आधी रात को होलिका दहन और 'छावनी' बना मोहल्ला घटनाक्रम ने तब नाटकीय मोड़ ले लिया जब 1 मार्च की रात लगभग 1 बजे कथित तौर पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा, पुलिस और लेखपाल की शह पर, निधारित परंपराओं के विरुद्ध होलिका में आग लगा दी गई। ग्रामीणों ने इसे अपनी धार्मिक मान्यताओं का अपमान बताया है। इसके अगले ही दिन, 2 मार्च को पूरे मोहल्ले को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि लगभग 300 पुलिसकर्मियों की तैनाती कर उन्हें घरों में कैद कर दिया गया, जिससे वे न तो पूजा कर सके और न ही त्योहार मना सके। जब तक मूल स्थान नहीं, तब तक होली नहीं मोहल्ला पट्टी रामदास के निवासियों ने दो–टूक शब्दों में जिलाधिकारी को अवगत कराया है कि वे खलिहान की जमीन (गाटा संख्या 430) पर कभी भी त्योहार नहीं मनाएंगे। उनका कहना है कि जब तक उन्हें उनके मूल स्थान (गाटा संख्या 632) पर परंपरागत होलिका दहन की अनुमति नहीं मिलती, तब तक वे भविष्य में भी होली का बहिष्कार जारी रखेंगे।

# 33 प्रतिशत महिलाओं को टिकट की उठाई मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य आदिशक्ति दीक्षित द्वारा सोनिया गांधी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को महिलाओं के संबंध में प्रेषित पत्र के माध्यम से ध्यान आकर्षित कराया गया है पत्र के माध्यम से उन्होंने नारी को सशक्त बनाए जाने हेतु लोकसभा चुनाव, विधानसभा चुनाव, एमएलसी चुनाव, जिला पंचायत, नगर पालिका और ग्राम पंचायत चुनाव में 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकार को बनाने एवं बिगाड़ने में महिलाओं का अमूल्य योगदान रहता है। 50 प्रतिशत से अधिक महिलाएं मतदान करती हैं कांग्रेस पार्टी को भी चाहिए कि वह अधिक से अधिक टिकट चुनाव लड़ने के लिए महिलाओं को दे जिससे उत्तर प्रदेश में पंचायत से लेकर विधानसभा तक महिलाओं की सशक्तिकरण के साथ–साथ सरकार बनाए जाने का स्वप्न साकार हो सके।

# पेड़ में लटका मिला युवक का शव

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। थाना कमासिन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जोरावरपुर में उस समय सनसनी फैल गई जब यमुना किनारे चिटचिटा के पेड़ पर एक युवक का शव रस्सी से लटकता हुआ ग्रामीणों ने देखा। मृतक युवक की उम्र लगभग 21–22 वर्ष बताई जा रही है।



ग्रामीणों के अनुसार सुबह जब लोग यमुना किनारे की ओर गए तो पेड़ पर युवक का शव झूलता हुआ दिखाई दिया। यह खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही दांदो चौकी इंचार्ज पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है और यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक ने यह कदम किन कारणों से उठाया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# बाइक की टक्कर से घायल वृद्धा की अस्पताल ले जाते समय मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो /हरगांव, सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत चौकी मेवारामनगर के एक ग्राम की वृद्ध महिला की मेवारामनगर से झरेकापुर मार्ग पर तेज रतार अनियंत्रित बाइक की टक्कर लगने से बुधवार होली के दिन के दोपहर को गंभीर रूप से घायल होने पर अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरगांव थानान्तर्गत मेवारामनगर पुलिस चौकी की ग्राम ओदरहा निवासी स्व. रामेश्वर की 66 वर्षीय पत्नी श्रीमती हीरा देवी की तेज रतार अनियंत्रित बाइक से उस समय जोरदार टक्कर हो गई। जब वह किसी काम से झरेकापुर जाने के लिए घर से निकली थी। परिजनों द्वारा अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक सहित बाइक सवार को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम हेतु सीतापुर भेजा। थाना प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही ने बताया कि पीएम रिपोर्ट व तहरीर के मिलने पर विधिक कार्यवाई की जाएगी।

# पूर्व एमएलसी का भतीजा बाल सुधार-गृह गया,दोस्त के माथे पर लगी, वो मर गया

(संवाददाता) लखनऊ। राजधानी लखनऊ में 13 साल के छात्र की गोली लगने से मौत मामले में पूर्व बसपा एमएलए के भतीजे को बुधवार को बाल सुधार गृह भेज दिया गया। आरोपी किशोर ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह अपने पिता की रिवाल्वर चेक कर रहा था। इस दौरान गलती से गोली चल गई, जिससे दोस्त उनैज की मौत हो गई। एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बताया किशोर ने गलती से गोली चलने की बात कबूल ली है। सीसीटीवी में घटना से पहले किशोर अकेले ही गाड़ी से रिवाल्वर लेकर जाते दिख रहा है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। उसके बाद ही कुछ और कहा जा सकता है। सरोजनीनगर के बेहसा गांव में रहने वाले जमीर खान इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाते हैं। उनका बेटा उनैज स्टेलामेरी स्कूल में 7वीं कक्षा में पढ़ता था। जमीर ने बताया था कृष्णानगर में बालाजी कॉम्प्लेक्स में रहने वाले बिजनेसमैन संजीव त्रिपाठी के यहां सोमवार को बर्थडे पार्टी थी। संजीव का बेटा अपने दोस्त के साथ मेरे घर पहुंचा। बेटे को साथ ले जाने लगा तो मैंने मना कर दिया। लेकिन, लड़के जबरदस्ती उनैज को लेकर चले गए। बेटा भी दोस्ती के नाते चला गया। सोमवार शाम 7.30 बजे आरोपी के पिता संजीव त्रिपाठी ने मुझे वॉट्सऐप पर फोन किया। मेरे बड़े बेटे उसैद ने फोन उठाया था। संजीव ने फोन पर कहा था तुम्हारा भाई लोकबंधु में है, तुरंत अस्पताल आ जाओ। इसके बाद हम सभी लोग लोकबंधु अस्पताल पहुंचे। लेकिन, वहां हमें बच्चे से नहीं मिलने दिया गया। कुछ देर बाद पुलिस ने मृत अवस्था में बेटे को दिखाया था। जमीर खान ने आरोप लगाया था हत्या को छिपाने की कोशिश की जा रही है। इन लोगों ने रोजे वाले दिन बेटे को मार दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद मंगलवार को शव घर पहुंचा था। जमीर से मिलने वालों का तांता लग गया। सभी लोग उसे ढांढस बंधाने में लगे थे। इस दौरान कई बार लोगों का पुलिस के खिलाफ आक्रोश भी देखने को मिला था। लोगों ने पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए थे। एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा और इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह ने पिता जमीर से बात कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। बातचीत में जमीर ने एसीपी से कहा था मान लिया कार्रवाई में दो दिन लगेंगे। लेकिन, अगर यही अपोजिट होता। यही गोली मेरे बच्चे से उनके बच्चे को लगी होती तो पुलिस होती, झंडे होते, बुलडोजर होता और मेरा घर होता। पुलिस का डंडा हमारे सारे रिश्तेदार और मोहल्लेवालों पर चल गया होता। अगर पुलिस नहीं करती तो उनसे करवाया जाता। इसके अलावा कोई सवाल नहीं है जहन में। मेरा बच्चा तो चला गया। अब क्या बचा? आरोपी छात्र के चाचा अरविंद कुमार त्रिपाठी उर्फ गुड्डू त्रिपाठी बसपा से एमएलए रह चुके हैं। जिन्होंने बाद में भाजपा ज्वाइन कर ली थी। जमीर खान का आरोप है कि गोली गलती से नहीं लगी, बीच माथे पर सटाकर मारी गई है। इसके लिए कुछ लोगों ने मेरे बच्चे के हाथ–पैर भी पकड़े होंगे। आरोपी के पिता संजीव त्रिपाठी ने पेरेंट्स–टीचर मीटिंग में मुझे देख लेने की धमकी भी दी थी। मृतक के चाचा अतीक खान ने बताया उनैज का हत्यारोपी दोस्त गुड्डू पंडित का भतीजा है। गुड्डू पंडित डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के रिश्ते के साले हैं। छात्र की हत्या के मामले में पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसमें दोस्त नवनीत, अभिनव, कार्तिकेय, नवनीत का ड्राइवर और उसके पिता संजीव त्रिपाठी व मां को नामजद किया है। पुलिस जांच में सामने आया संजीव त्रिपाठी के एलडीए मोड़ बालाजी काम्प्लेक्स कृष्णानगर स्थित घर में नीचे बने कमरे में पार्टी के दौरान गोली चली। रिवाल्वर संजीव के नाम पर है।

# चार पहिया वाहन की टक्कर बाइक सवार की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खखरेरु थाना क्षेत्र के हरदासपुर गेरिया गांव के समीप अज्ञात चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जब तक उसको कहीं इलाज के लिए लेकर जाते हैं उससे पहले ही उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो घर मे कोहराम मच गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के हरदासपुर गेरिया गांव निवासी जागेष्वर का 35 वर्षीय पुत्र देवशरन बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब वह गाँव के बाहर पहुंचा तभी अज्ञात चार पहिया वाहन उसकी बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे देवशरन गंभीर रूप से घायल हो गया जब तक उसको कहीं इलाज के लिए लेकर जाते उससे पहले ही उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के जीजा शिव प्रसाद ने घटना की जानकारी दिया।

# बाइक-स्कूटी की भिड़ंत में स्कूटी सवार की मौत

## – परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के देवमई गांव के समीप बाइक और स्कूटी की भिड़ंत में स्कूटी सवार की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सुजावलपुर गांव निवासी गफूर अली का 45 वर्षीय पुत्र जाकिर अली स्कूटी पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब वह थाना क्षेत्र के देवमई गाँव के समीप पहुंचा तभी बाइक सवार से उसकी जोरदार भिडन्त हो गई जिससे जाकिर अली की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के भतीजे रोशन अली ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि हादसे की बाद से सभी का रोरो कर हाल बेहाल है।

# नाले में गिरकर अधेड़ की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जहानाबाद थाना क्षेत्र के कलाना गांव के समीप नाले में गिरकर अधेड़ की मौत हो गई। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो घर मे कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्ज में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कलाना गांव निवासी स्वर्गीय बलिराम का 50 वर्षीय पुत्र राजू गांव के समीप स्थित नाले में पेशाब कर रहा था। तभी नाले में गिरकर उसकी मौत हो गई घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के पुत्र साजन ने बताया कि पिताजी नशे की हालत में नाले में पेशाब कर रहे थे। तभी नाले में गिरकर उनकी मौत हो गई है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 2 पर मलवा कस्बे के ओवर ब्रिज के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ममरेजपुर गांव निवासी रामसेवक का 35 वर्षीय पुत्र अवधेश बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए मलवां थाना क्षेत्र आया था। जब उसकी बाइक नेशनल हाईवे 2 मलवां थाना क्षेत्र के कस्बे के ओवर ब्रिज के समीप पहुंची तभी अज्ञात वाहन उसकी बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे बाइक चालक अवधेश रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जब तक उसको कहीं इलाज के लिए लेकर जाते उससे पहले ही उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के फुफेरे भाई शिव कुमार ने घटना की जानकारी दिया।

# डीजे का तार लगाते समय करंट की चपेट में आकर किशोर की मौत

## – मृतक के परिजनों ने सदर अस्पताल में काटा हंगामा, पहुंची पुलिस

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के आबूनगर चुंगी चौकी के समीप गुरूवार की दोपहर होली के पर्व में डीजे की तार लगाते समय करंट की चपेट में आ जाने से 15 वर्षीय किशोर की हालत बिगड़ गयी। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन किशोर के शव को लेकर घर चले गये और कुछ देर बाद आधा सैकडा से अधिक लोग सदर अस्पताल पहुंच हंगामा शुरू कर दिया। वहीं सूचना पर कोतवाली प्रभारी सहित भारी पुलिस सदर अस्पताल पहुंच आक्रोशित लोगो को शान्त कराया। बाद में शव को लेकर अपने घर चले गये। जानकारी के अनुसार आबूनर चुंगी चौकी निवासी कल्लू रैदास का पुत्र चन्दन उर्फ अभय होली के दूसरे दिन गुरूवार की दोपहर मोहल्ले में डीजे बजाने के लिए तार लगा रहा था। तभी वह करंट की चपेट में आ गया। जिस पर परिजन व मोहल्लेवासी उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने चेक करने के बाद किशोर को मृत घोषित कर दिया। जिस पर परिजन शव लेकर घर चले गये। लगभग आधे घन्टे बाद आधा सैकडा से अधिक लोग दोबारा किशोर के शव लेकर अस्पताल पहुंचे और चिकित्सक व वहां के स्टाफ से अभद्रता करते हुये गाली गलौज करते हुये आरोप लगाया कि चिकित्सक द्वारा सही से किशोर को नहीं देखा जिसके चलते उसकी मौत हो गयी। उधर घटना की जानकारी मिलने पर भारी पुलिस बल सदर अस्पताल पहुंचा। आक्रोशित परिजन व मोहल्लेवासियों को समझा बुझाकर वापस कर दिया। हालांकि घर वाले शव लेकर चले गये।

# होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा

## - रंगों से सराबोर रही होली, गीतों पर थिरके युवा

## - कई जगह हुए मटकी फोड़ कार्यक्रम, मेहमानों के स्वागत में परोसे व्यंजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। रंग–बिरंगे होली के हुडदंग में लोग खूब झूमे। कहीं फाग की निकली टोलियां फगुनी गीतों के फव्वारों से सराबोर करती रहीं। वहीं फिल्मी गीतों पर युवा दिल थिरकते रहे। कई स्थानों पर मटकी फोड़ होली में नवयुवकों को प्रोत्साहन राशि देकर उनके हौसले को बढ़ाया गया। महिलाएं भी होली के हुडदंग में सखी–सहेलियों के साथ ठिठोलियां खेलती रहीं। होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा व नाकाबंदी जैसे गानों पर युवाओं ने जमकर अठखेलियां की। सबको हंसाने वाला और एक गले से दूसरे गले को मिलाने वाला प्रेम का यह होली पर्व अपने आप में ही एक अनोखा त्योहार है। इस त्योहार आने का इंतजार सभी को बेसब्री से रहता है। पहले दिन होली का हुडदंग धीमा रहा सुबह आठ बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक रंग–बिरंगी होली का आनंद लोग लेते रहे लेकिन होली के अंतिम दिन लोगों ने जमकर होली त्योहार का आनंद लिया। सुबह से लड़के सड़क पर रंग–बिरंगे रंगों के साथ उतर आये फिर क्या? सड़क से गुजरने वाले हर एक व्यक्ति पर पिचकारियों की बौछारों से सराबोर कर देना वहीं बच्चे एक दूसरे को दौड़ा–दौड़ा कर रंगों का आनन्द लेते रहे। वहीं कुछ नन्हे–मुन्हे बच्चे गुब्बारों में रंग भरकर वार कर होली का लुत लेते रहे। वृन्दावन की होली के तर्ज पर युवा दिल रंग–बिरंगी होलियों में पूरी तरह से मस्त दिख रहे थे। बच्चों के साथ–साथ बड़े–बुजुर्ग होली का त्योहार कुछ अलग अंदाज के साथ मनाने में लगे रहे। बड़ों ने रंगो का इस्तेमाल कम किया लेकिन एक दूसरे के अदब को बरकरार रखते हुए अबीर और गुलाल का इस्तेमाल कर होली मनाई। देवर और भौजाई के बीच होली का हुडदंग कुछ अजब और गजब ही रहा। वहीं युवतियां भी होली पर्व को नए अंदाज से मनाने में व्यस्त रहीं। युवतियां अपनी–अपनी टोलियों के साथ एक दूसरे के घर पहुंच सखी सहेलियों से जमकर ठिठोलियां खेली। फिल्मी गीतों पर डांस तो घर पर होम थिएटर में थिरकते हुए होली का पूरा आनंद लिया। चौतरफा होली का हुडदंग देर शाम तक चलता रहा। जिसमें फगुनी गीतों के स्वरों के साथ बूढ़े–बुजुर्ग ने ठुमके भी लगाए। वहीं युवा दल की ओर से विभिन्न स्थानों पर मटकी फोड़ होली का आयोजन किया गया। मटकी फोड़ होली पर युवा दलों को प्रोत्साहित करने के लिए अलग–अलग धनराशि मुकर्रर की गई। फिल्मी दुनिया के कई पुराने और नए गीतों में युवा दिल झूम–झूम कर नाचते हुए होली मटकी को फोड़ने के लिए प्रयासरत रहे। अलग–अलग गुटों के युवा अपनी टीम को जिताने के लिए पूरी ताकत का इस्तेमाल कर अंतिम छोर तक पहुंच जाने के बाद फिर जमीन पर धराशाही हो जाते। रंगों से सराबोर युवा दिलों को उत्साहित करते लोग उस वक्त का इंतजार करते रहे कि कौन युवा दल मटकी के ऊंचे छोर तक पहुंचेगा। लंबी कसरत के बाद युवा मटकी फोड़ पाए। मटकी फोड़ होली को देखने के लिए हम उम्र से लेकर बच्चे, युवतियां और महिलाओं का जमघट लगा रहा। लोगों ने होली पर्व को सौहार्द और प्रेम के साथ मनाया। एक ओर जहां घरों में मेहमानों के आने का सिलसिला जारी रहा। वहीं मेहमानों की खुशामत में लगे लोग अपने आप को गौरवान्वित मानते रहे। होली त्योहार को लेकर मेहमानों के सामने विभिन्न व्यंजन परोसे गए। व्यंजनों में चाइनीज चिप्स से लेकर नमकीन के आइटमों में पूरी तरह से कब्जा रहा। इस मंहगाई का असर भी होली पर्व पर नजर नहीं आया। गुझिया, रसगुल्ला व बर्फी से भी लोगों ने अपने मेहमानों का स्वागत किया। दूसरी ओर शांतिपूर्वक होली पर्व को सम्पन्न कराने में पुलिस महकमा चुस्ती और फुर्ती के साथ ड्यूटी पर मुस्तैद रहा। पुलिस की टोलियां चप्पे–चप्पे पर घूमती रहीं।



### इनसेट–

### होली पर जमकर थिरकी युवतियां

फतेहपुर। होली के रंग में जहां युवा एवं बुजुर्ग खुद को सराबोर होने से बचा नहीं पाए। वहीं पर्व को लेकर युवतियों एवं महिलाओं में भी काफी उत्साह देखा गया। युवतियां भी होली पर फिल्मी गीतों पर सखी सहेलियों के साथ अबीर व गुलाल उड़ाकर जमकर थिरकी और होली पर्व को उत्साह के साथ मनाते हुए यादगार बनाया। वहीं युवतियों ने अपने से बड़ों का आशीर्वाद भी लिया। होली पर्व को लेकर पहले दिन तो महिलाओं एवं युवतियों में कम उत्साह देखने को मिला लेकिन दूसरे दिन होली का आनंद घर की महिलाएं एवं युवतियों ने जमकर उठाया। अबीर व गुलाल उड़ाकर फिल्मों गीतों पर जमकर ठुमके लगाए।

# नशेड़ी के हाथो चली गोली से महिला गंभीर, रेफर

## - दंपति में हो रहा था विवाद, आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ा

## - दरवाजा तोड़कर भागा नशेड़ी, पुलिस कर रही तलाश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के शिकरी गांव में युवक ने महिला को गोली मार दी जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलावस्था में महिला को परिजनों ने अमौली सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। खबर गांव में फैलते ही अफ़रा–तफ़री का माहौल बन गया। जानकारी के मुताबिक शिकरी गांव निवासी सोनू उर्फ भीम यादव पुत्र हरी लाल 35 वर्ष नशे की हालत में गांव में घूम रहा था। इसी बीच गांव के लालजी कोरी के यहां रह रही उनकी बिटिया रोशनी व दामाद गजेन्द्र का पत्नी रोशनी से आपस में विवाद हो रहा था। विवाद बढ़ने पर दामाद बेटी की पिटाई करने लगा। युवती की पिटाई का विरोध सोनू ने किया। ग्रामीणों की माने तो घटना से क्षुब्ध सोनू लालजी के दामाद को गोली मारने की बात कहने लगा और उत्तेजना में आकर अवैध शस्त्र से गोली चला दी। गजेंद्र तो पीछे हट गया, लेकिन उसकी सास सिया दुलारी की कनपटी में गोली लग गई। घायल अवस्था में परिजनों ने सिया दुलारी को अमौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टर ने हालत नाज़ुक देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उधर सोनू उर्फ भीम यादव को ग्रामीणों ने पकड़ कर कमरे में बंद कर दिया। जहां से वह दरवाजा तोड़कर भाग निकला। सूचना पर मौके में पुलिस भीम की तलाश कर रही है। गांव में अफरा–तफरी का माहौल बन गया।



# रमजान में निगाह, जुबान, कान व अंगों को काबू में रखें रोज़दार


न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समूची दुनिया में मुस्लिम समुदाय के लिए रमजान का महीना बहुत पवित्र माना जाता है। जिसमें पूरे एक माह रोज़े रखकर मुस्लिम समाज अल्लाह तआला की इबादत करता है। ईशा की नमाज के बाद बीस रकत तरावीह पढी जाती है। रोजे रखने के साथ–साथ तरावीह को हर मुस्लिम को पढना जरूरी होता है। छह जरूरी बुनियादी आदाब पर ही रोजा निर्भर रहता है। हकीकी रोजा के लिए जो अंगो को गुनाहों से रोकता है। छह आदाब सामने रखना जरूरी है। निगाह का रोजा :– पहला अदब यह है कि नजर नीचे रखो, जिन चीजो की तरफ निगाह डालना अल्लाह तआला को नपसंद है उनकी तरफ निगाह को न जाने दो। जिन चीजो को देखने से दिन भटकता हो और अल्लाह की याद से गफलत तारी होती हो उनको न देखो। ''अल्लाह के रसूल सल्ल. ने फरमाया–नजर डालना ऐसी चीजो पर जिनसे अल्लाह न रोका है शैतान के तीरो में एक जहर में बुझा हुआ तीर है जो कोई अल्लाह के डर से बुरी निगाह से रूक जाए अल्लाह तआला उसके दिल मे ईमान की मिठास का मजा अता करेगा''। हजरत जाबिर रजि. से रिवायत है कि अल्लाह के रसूल सल्ल. ने कहा पांच चीजे ऐसी है जिनसे रोजा टूट जाता है। एक झूठ, दूसरे गीबत, तीसरी चुगली, चौथा झूठी कसम और पांचना वासना की नजर। जुबान का रोज़ा :– दूसरा अदब यह है कि जुबान से बुरी बात न करो, झूठ न बोलो, गीबत न सुनो न करो, चुगली न खाओ, बेशर्मी की बातें न करो, अत्याचार ज्यादती करने की बात न करो, झगड़ा न करो, वायदा न तोड़ो और न कोई बात काटो। जुबान का रोजा यह है कि खामोश रहे उससे होने वाले गुनाहों से बचे और उसे अल्लाह की याद और कुरआन की तिलावत में व्यवस्त रखें। सुफियान सौरी रह. कहते है कि गीबत और झूठ से रोजा टूट जाता है। ''अल्लाह के रसूल सल्ल. ने फरमाया रोजा ढाल है गुनाहों से बचाव के लिए। तुममे से कोई रोजा से हो तो न बेशर्मी की बात करे और न बदकलामी और फिजूल बकवास करे न चीखे चिल्लाये और अगर कोई गाली दे या लड़ने पर उतर आये तो कह दें कि मै रोजे से हूँ''। कान का रोजा :– रोज़े का तीसरा अदब यह है कि कानों को बुरी बात सुनने से रोको इसलिए कि जिन बातो का जुबान से निकलना हराम है उनका सुनना भी हराम है। इसी वजह से अल्लाह तआला ने कानों से झूठ सुनने वालों और हराम का माल करने वालो का जिक्र साथ–साथ फरमाया है। अल्लाह के रसूल सल्ल. ने फरमाया कि गीबत करने वाला और सुनने वाला दोनो के गुनाह बराबर के साझीदार है। अंगो का रोज़ा :– रोज़े रखने का चौथा अहम् अदब यह है कि हांथ, पांव और दूसरे अंगो को गुनाहों से रोको और इतार के वक्त ऐसे खाने से बचो जिसके बारे में हराम होने की आशंका हो। अगर दिनभर वह खाना भी न खाये जो हलाल है और इतार हराम खाने से करे तो उसका रोज़ा कैसे हो सकता है। शरीअत कहती है हराम कमाई से अर्जित किये जाने वाले रोज़ा अतार से रोज़ा नही होता है। ऐसे रोजदार की मिसाल ऐसी है जैसे एक व्यक्ति महल बनाये लेकिन पूरे शहर को उजाड़ कर। अल्लाह के रसूल सल्ल. ने फरमाया कितने ही रोजदार ऐसे है जिन्हें अपने रोजे से भूख और व्यास के सिवाय कुछ नही मिलता।

# राष्ट्रकवि पं0 सोहनलाल द्विवेदी की मनाई जयंती

## - प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व्यक्तित्व पर की चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। राष्ट्रकवि पं0 सोहनलाल द्विवेदी की 120 वीं जयंती के अवसर पर द्विवेदी चौराहा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत चर्चा की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अजय अवस्थी ने द्विवेदी जी की जयंती पर प्रतिमा के समक्ष पूजा–अर्चना करते हुए दीप प्रज्जवलित किया। प्रसिद्ध रचना चल पड़े जिधर दो डगमग चल पड़े के टिपग उसी ओर का काव्य पाठ किया। इस आयोजन की अध्यक्षता अन्नू श्रीवास्तव ने किया। उन्होने उनके जीवन में घटित संस्मरणों व उनके राष्ट्रीय भावनाओं से ओत–प्रोत जीवन में प्रकाष डाला। इस अवसर पर उपस्थित कवि राजनैतिकजन चन्द्र कुमार पाण्डेय, आचार्य विश्णु षुक्ल, सुधाकर अवस्थी, राजेन्द्र षुक्ल ने कहा कि उनकी सर्जना के बिन्दु देष प्रेम चरित्र निर्माण ही रहे। श्री अवस्थी ने बताया कि वे पत्रकार भी थे। लखनऊ से अधिकार समाचार पत्र आजादी की लड़ाई में कई वर्शों तक निकला। इस अवसर पर राजेष चन्द्र मिश्रा, अविनाष तिवारी, किषोर चन्द्र पुरवार, राजेष तिवारी, विनय त्रिपाठी, नीटू मिश्रा, विनय षरण गुप्ता, रामसिंह, अनुमा द्विवेदी, कपिल द्विवेदी, सुरेष षुक्ला, प्रमोद द्विवेदी भी मौजूद रहे।



# इफ्तार व सहरी




सुन्नी हजरात– सोलहवें रोजे का इफतार 6.13 व सत्रहवें रोजे की सहरी 5.03 मिनट पर करे।

शिया हजरात– सोलहवें रोजे का इफतार 6.23 व सत्रहवें रोजे की सहरी 4.53 मिनट पर करे।

# विवाद सुलझाने पहुंची पुलिस टीम पर हुआ पथराव

## – एसएसआई समेत चार पुलिस कर्मी घायल, चौदह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। हमले में एसएसआई समेत चार पुलिस कर्मी घायल हो गए। पुलिस ने तेरह नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के फरीदपुर–मंडराव मार्ग पर बुधवार की देर शाम छोटेलालपुर गांव के कुछ लोग सड़क से गुजर रहे राहगीरों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए अपशब्द बोल रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर सरकंडी चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक प्रमोद सिंह मौके पर पहुंचे और लोगों को ऐसा करने से मना किया। इस दौरान कुछ ग्रामीण चौकी इंचार्ज से उलझ गए और कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया। स्थिति बिगड़ती देख चौकी इंचार्ज ने कोतवाल हेमंत मिश्रा को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस के पहुंचते ही कुछ ग्रामीण उग्र हो गए और पुलिस टीम पर पथराव शुरू कर दिया। अचानक हुए इस हमले से मौके पर अफरा–तफरी मच गई। पथराव की घटना में कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक वृंदावन राय, सरकंडी चौकी इंचार्ज प्रमोद सिंह, सिपाही रामप्रकाश, सिपाही रमाकांत घायल हो गए। घायल पुलिस कर्मियों को उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां सभी का मेडिकल परीक्षण कराया गया। आरोपियों में गांव का ही रहने वाला मुख्य आरक्षी अखिलेश कुमार भी शामिल है। जो वर्तमान में जनपद कौशांबी में मुख्य आरक्षी के पद पर तैनात हैं। सरकंडी चौकी इंचार्ज प्रमोद सिंह की तहरीर पर पुलिस ने तेज़बहादुर, पंकज, मुकेश बीरू, अवनीश, तीन महिलाओं सहित 13 नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



# दबंगो ने घर में घुस कर महिलाओं को पीटा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम समदपुर मजरे सांतो धरमपुर में होली के पर्व पर घर के बाहर गाली गलौज कर रहे उडदंगियों को मना किया तो आधा दर्जन से अधिक लोगो ने घर के अन्दर घुसकर महिलाओं को लाठी डंडा व लात घूसों से बुरी तरह पीट दिया। जिससे पांच महिलाए घायल हो गयी। तीन को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाने के समदपुर मजरे सांतो धरमपुर गांव निवासी संतोष की 25 वर्षीय पत्नी वंदना देवी, रामकिशुन की पत्नी गायत्री देवी 30 वर्ष, रामखेलावन की 19 वर्षीय पत्नी माया देवी, रामबाबू की पुत्री काजल व रामखेलावन की पत्नी पुहाया को गांव के ही बीरेन्द्र पुत्र रामशरन, प्रेम, राजकुमार पुत्रगण छोटे, सुमित अमित पुत्रगण बीरेन्द्र शिवपूजन पुत्र कपूर ने घर में घुसकर महिलाए व युवतियों को लाठी डंडा व लात घूसों से बुरी तरह पीटा जिससे महिलाएं व युवतियां घायल हो गयी। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान घायल गायत्री ने अरोप लगाते हुए बताया कि बीरेन्द्र व उनके साथी के सामने शराब कर गाली गलौज कर रहे थे। मना करने पर प्रेम राजकुमार सुमित अमित व शिवपूजन घर के अन्दर घुसकर सभी को लाठी डंडा व लातघूसों से पीट दिया। जिससे वन्दना गायत्री काजल व पुहाया घायल हो गयी। उसने बताया कि जब वह थाने पहुंची तो पुलिस ने शिकायती पत्र तो ले लिया लेकिन कोई कार्यवाही नही की।

# कृषि यंत्रों का ई-लाटरी से चयन आज

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। उप कृषि निदेशक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में .षि विभाग द्वारा संचालित कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि यंत्रीकरण की योजनाओं के अन्तर्गत समस्त कृषि यंत्र, कस्टम हायरिंग सेंटर, हाई–टेक हब फॉर कस्टम हायरिंग आदि पर अनुदान दिये जाने के लिए .षकों का चयन ई–लाटरी के माध्यम से जनपद स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कल (आज) अपरान्ह बारह बजे से विकास भवन सभागार में किया जायेगा। उन्होने कहा कि जिन .षकों द्वारा .षि विभाग के पोर्टल पर विभिन्न प्रकार कृषि यंत्र, कस्टम हायरिंग सेंटर, हाई–टेक हब फॉर कस्टम हायरिंग आदि प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन बुकिंग की गई है वह शुक्रवार को पूर्वान्ह ग्यारह बजे से विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में होने वाली ई–लाटरी में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )